हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 26 मई 2026


तापमान

अधिकतम 45.1 डिग्री

न्यूनतम 28.0 डिग्री



सेंट्रल लाइब्रेरी की दीवारों पर की जा रही आकर्षक पेंटिंग।



## खबर संक्षेप

### सिरगिट्टी में सुशासन शिविर आज स्थगित

**बिलासपुर।** नगर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने बताया कि सुशासन तिहार के अंतर्गत 26 मई को सिरगिट्टी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। पुराना नगर पंचायत भवन सिरगिट्टी में सुबह 10 बजे से यह शिविर आयोजित था। शिविर की नई तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी।

### ब्राउन शुगर व हेरोइन बेचने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नशीले पदार्थ बेचने के लिए ग्राहक खोज रहे एक्टिवा



सवार युवक को पुलिस ने पकड़ लिया। तलाशी लेने पर एक थैले में ब्राउन शुगर, हेराइन व प्रतिबंधित कफ सिरप मिला। पुलिस ने मादक पदार्थ जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस को सूचना मिली कि बंधवापारा में एक युवक मादक पदार्थ बेचने के लिए ग्राहक खोज रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर एक्टिवा सवार तालापारा मरीमाई निवासी पप्पू उर्फ गुड्डू पिता स्व. राजकुमार श्रीवास को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर थैला में 20 नग प्रतिबंधित कफ सिरप, पुड़िया में 3.92 ग्राम ब्राउन शुगर, 7.50 ग्राम हेरोइन मिला। पुलिस उसे पकड़कर थाने लेकर गई और मादक पदार्थ के संबंध में पूछताछ की।

### प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ कबाड़ी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मोपका पुलिस सहायता केंद्र पुलिस ने मोपका रोड मारुती शो रूम के पास स्थित कबाड़ी दुकान के संचालक सुभाष देवांगन को पकड़कर उसके पास से 13 नग प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया है। पुलिस ने कबाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है।

### एयू ने परीक्षा टाइम टेबल में किया फेरबदल



**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी द्वारा जारी परीक्षा टाइम टेबल के अनुसार कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर कालेजों के पेपर से टकरा रहे थे, इसलिए छात्र संगठनों की ओर से टाइम टेबल में परिवर्तन की मांग की गई थी। छात्र संगठनों की मांग पर यूनिवर्सिटी में अपने टाइम टेबल में फेरबदल कर दिया है। अब यह परीक्षा 15 जून से प्रारंभ होकर 10 जुलाई तक चलेगी। ऐसी कुछ परीक्षाएं जिनमें छात्र प्रतियोगी एवं प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो रहे हैं उनकी परीक्षा यूनिवर्सिटी द्वारा 1 जून से प्रारंभ कर 16 जून को समाप्त कर रहा है, जिससे कि इन परीक्षाओं में सम्मिलित छात्रों के परीक्षा परिणाम शीघ्र जारी किया जा सके। छात्र संशोधित टाइम टेबल को यूनिवर्सिटी के वेबसाइट में जाकर डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक रामेश्वर राठौर के अनुसार यूनिवर्सिटी द्वारा शिक्षण विभाग एवं वार्षिक पद्धति के स्नातकोत्तर कक्षाओं के परीक्षा परिणाम जारी किए जा चुके हैं। स्नातक स्तर के वार्षिक परीक्षा परिणाम मई माह के अंत तक जारी किए जाएंगे।

### आईटीआई की प्रायोगिक परीक्षाएं 29 जून से

**बिलासपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के प्रशिक्षणार्थियों के लिए अखिल भारतीय व्यवसायिक प्रायोगिक परीक्षा 29 जून से 3 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा सुबह 9.30 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य ने बताया कि परीक्षा के लिए एकवर्षीय एंव द्विवर्षीय व्यवसाय के नियमित पात्र प्रशिक्षणार्थी अपनी संस्था में स्वयं उपस्थित होकर परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# डीजल की किल्लत, 100 से अधिक बसों के पहिए थमे, इधर रसोई का बजट भी फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- पेट्रोल-डीजल और एलपीजी के बाद सब्जियां, दाल और तेल हुए महंगे
- रसोई का बजट फेल, परिवहन लागत बढ़ने से महंगाई में और इजाफा

पेट्रोल-डीजल, एलपीजी और खाद्य पदार्थों की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। डीजल की किल्लत ने ट्रांसपोर्टिंग महंगा कर दिया है तो इससे व्यावसायिक एलपीजी सिलिंडर महंगा होने के बाद अब सब्जियों, दाल और खाद्य तेल के दाम भी आसमान छूने लगे हैं। घरों में रसोई का बजट बुरी तरह बिगड़ गया है। इधर तिफरा बस स्टैंड में 100 से अधिक बसों के पहिए थम गए हैं। जो बसें चल रहीं है उनमें लंबी दूरी की सवारी की बुकिंग नहीं की जा रही है। परिवहन खर्च बढ़ने से इसका सीधा असर बाजार पर पड़ा है। होटल और रेस्तरां में खाने-पीने की चीजें भी महंगी हो गई हैं।

गहराते डीजल संकट ने सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की रफ्तार धीमी कर दी है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि





बिलासपुर से विभिन्न मार्गों पर चलने वाली करीब 100 बसों के पहिए थम गए हैं। तिफरा स्थित हाईटेक बस स्टैंड से संचालित होने वाली 30 प्रतिशत बसें डीजल संकट के कारण थम गईं है। यह समस्या किसी एक मार्ग चलने वाली बसों में नहीं आ रही बल्कि अधिकांश जगहों पर यही स्थिति है। बस आपरेटरों का कहना है कि मार्ग के अधिकांश पेट्रोल पंप पर डीजल नहीं है, जहां है भी उन पंपों पर पर्याप्त डीजल नहीं मिलने से बसों का परिचालन मुश्किल हो रहा है। इसके चलते कई बसों को बीच रास्ते में रोकना पड़ रहा है। कई निजी बस आपरेटरों ने बुकिंग से साफ मना कर दिया है। इतना ही नहीं डीजल संकट का असर पिकनिक, पारिवारिक व अन्य कार्यक्रमों के लिए बसों की बुकिंग नहीं मिल रही है। कोई भी संचालक नई बुकिंग नहीं ले रहा है।

### सब्जियों के दाम में जबरदस्त उछाल



थोक और खुदरा बाजारों में लगभग सभी सब्जियों के दाम 20 से 25 रुपए प्रति किलो तक बढ़ गए हैं। हालत यह है कि आम लोगों की थाली से हरी सब्जियां गायब होने लगी हैं। बाजारों में बैंगन 60 रुपए किलो, करेला 60 से 80 रुपए, खीरा 60 से 80 रुपए, गाजर 40 से 60 रुपए, टमाटर 50 से 60 रुपए और भिंडी 40 से 60 रुपए किलो बिक रही है। इसके साथ ही परवल 40 से 60 रुपए, कद्दू और पपीता 30 रुपए किलो तक पहुंच चुके हैं। वहीं अदरक और लहसुन के दाम 120 रुपए प्रति किलो तक हैं।

### दाल और तेल ने भी बढ़ाई चिंता



महंगाई की मार सिर्फ सब्जियों तक सीमित नहीं है। एक सप्ताह पहले तक 120 रुपए किलो बिकने वाली अरहर दाल अब 130 रुपए किलो पहुंच गई है। सरसों तेल और रिफाइंड तेल की कीमतों में भी 10 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ोतरी हुई है। बाजार में सरसों तेल 190 रुपए और रिफाइंड तेल 180 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। सोयाबीन तेल का टीना 2300 रुपए से 2500 तक पहुंचा गया है।

### खेती किसानी पर भी पड़ा असर

इधर भले ही वैवाहिक सीजन समाप्त हो चुका है, लेकिन खेती-किसानी के कार्यों में तेजी आने के कारण डीजल की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने से ग्रामीण क्षेत्रों में संकट और गहराता जा रहा है। कृषि कार्यों के लिए ट्रैक्टर, पंपिंग सेट और अन्य उपकरण पूरी तरह डीजल पर निर्भर हैं। इन दिनों खेतों की जुताई, बुवाई की तैयारी और सिंचाई के कार्य जोरों पर हैं, लेकिन डीजल की कमी से किसानों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई किसानों का कहना है कि उन्हें जरूरत के समय डीजल नहीं मिल पा रहा, जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं और समय पर काम पूरा करने की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीण इलाकों में स्थिति और अधिक गंभीर बनी हुई है।

## ईडी का कार्यालय घेरा : कांग्रेस नेता के साथ सैकड़ों लोग पहुंचे

# बिजली से त्रस्त लोग, कांग्रेस ने किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अघोषित बिजली कटौती, सुधार में लग रहा समय और बिजली अधिकारियों की नौकरशाही को लेकर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी और क्षेत्रवासियों ने कार्यपालक निदेशक के तिफरा स्थित कार्यालय का घेराव कर दिया। भीषण गर्मी के बीच लगातार बाधित हो रही बिजली व्यवस्था को लेकर जमकर हल्लाबोल किया गया।

बिजली विभाग की लापरवाही और बदहाल व्यवस्था से आम जनता त्रस्त हो चुकी है। लगातार हो रही कटौती से व्यापारी, छात्र, किसान और घरेलू उपभोक्ता गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं। कांग्रेसी नेता विजय केशरवानी ने बेलतरा सहित पूरे शहर में विद्युत व्यवस्था पर सवाल दागा, उन्होंने कहा कि निर्बाध बिजली आपूर्ति का दावा खोखला हो चुका है, जमीनी स्तर पर बिजली की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग नींद में है और अधिकारी जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता नहीं दिखा रहे। खास बात यह है कि अघोषित बिजली कटौती के लिए लोगों का गुस्सा देखते ही बन रहा है, नवतपा के पहले दिन 45 डिग्री के प्रचण्ड चिलचिलाती धूप में आंदोलनकारी तिफरा बिजली कार्यालय पहुंचे थे, जिसमें पूरे जिले से कांग्रेसजन सहित महिला, बुजुर्ग और ग्रामीण शामिल थे लोगों को रोकने के लिए कार्यालय के गेट पर पुलिस बल तैनात की गई थी, इस दौरान नारे बाजी के साथ आंदोलनकारियों हाथों में कूलर और फ्रिज के पोस्टर रख थे, बिजली कटौती बंद करो के पोस्टर रख नारे लगाते रहे। इस दौरान कार्यपालक निदेशक एके अम्बस्ट व पुलिस अधिकारियों ने धरना प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसी नेता व लोगों से मुलाकात की और ज्ञापन लिया। इस दौरान श्री अम्बस्ट ने बिजली को लेकर आ रही समस्याओं का समाधान करने की बात कही है।

### ईडी ने कहा, जल्द सुधारी जाएगी व्यवस्था





अघोषित बिजली कटौती के विरोध में तिफरा बिजली कार्यालय का घेराव करते कांग्रेसी।

### सड़क पर लगा जाम

करीब 2 घंटे तक मुख्य गेट पर कांग्रेसी व आम लोगों ने जमकर नारे बाजी की, जिससे सड़क पर गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई। कार्यकर्ताओ ने बिजली कार्यालय के मुख्य गेट तोड़कर अंदर घुस गए लेकिन मुख्य अभियंता के कार्यालय के गेट को बंद कर दिया गया। जिसके बाद धरने में बैठ गए। प्रदर्शन में बेलतरा ,विधानभवन सहित बिल्हा, बिलासपुर, मस्तूरी,तखतपुर, रतनपुर, तिफरा,सकरी, सीपत के ग्रामीण पहुंचे थे।

### विभाग के पास नहीं हैं कर्मचारी

विजय केशरवानी ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग मेंटनेंस के नाम पर करोड़ों खर्च करती है और थोड़ी सी हवा पानी में पूरा सिस्टम हिल जाता है। विभाग के पास फील्ड में काम करने वाले लाइनमेन और प्रशिक्षित कर्मचारी नहीं है, ठेक में पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ज्वलन्त समस्याओं को छोड़कर सुशासन तिहार मना रही है। शहर से ज्यादा बदत्तर स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों की है जहां 3 से 4 दिनों तक बिजली सप्लाई ठीक नहीं हो रही है।

### पेट्रोलिंग गाड़ी और स्टाफ बढ़ाएं

लोगों ने मांग की है कि बिजली विभाग शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में अलग अलग पेट्रोलिंग गाड़ी बढ़ाएं और कर्मचारियों की नवीन भर्ती करें। पेड़ों की कटिंग, लाइन, ट्रांसफर मेंटेनस के लिए पहले से ही सुनियोजित कार्यक्रम के तहत काम किया जाए, जिससे आम लोगों को बिजली बंद का सामना नहीं करना पड़े। गर्मी और बारिश के दिनों के लिए कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए। शहर अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा ने कहा कि बिजली बिभाग काल सेंटर में सक्षम अधिकारी भी नहीं रहे है। जिससे शिकायतों को अनसुना कर दिया जाता है।

## वीडियो वायरल, प्रधान आरक्षक सस्पेंड

**बिलासपुर।** सरकण्डा थाने के एक प्रधान आरक्षक का आरोपियों को छोड़ने के एवज में रिश्वत मांगते हुए वीडियो वायरल हुआ। एसएसपी ने वीडियो को गंभीरता से लेते हुए प्रधान आरक्षक को निलंबित कर दिया है।

सरकण्डा थाने का प्रधान आरक्षक शोभित कैवर्त्य एक मामले में आरोपियों को छोड़ने के एवज में परिजन से रिश्वत की मांग कर रहा था। परिजन रिश्वत नहीं देना चाह रहे थे, बातचीत के दौरान परिजन ने प्रधान आरक्षक कैवर्त्य का मोबाइल में वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एसएसपी रजनेश सिंह ने वीडियो को गंभीरता से लेते हुए प्रधान आरक्षक शोभित कैवर्त्य को निलंबित कर दिया है। शहर में शिकायतें आम हैं कि थानों में बेखौफ प्रकरणों में आरोपियों को छोड़ने, मुचलका पर रिहा करने व चालान पेश करने के एवज में पीड़ितों से मोटी रकम की मांग कर परेशान किया जा रहा है। इसके लिए थानों में पृथक से विशेष सिपाहियों को लगाया गया है। उक्त सिपाही केवल थाने में सेटिंग का काम करते हैं। इसके अलावा थाने का कोई भी शासकीय काम उनसे नहीं लिया जाता है।



- सरकण्डा थाने के प्रधान आरक्षक का रिश्वत मांगते वीडियो वायरल

### बदनाम थाने में और भी शिकायतें

सरकंडा थाने में लगातार ऐसी शिकायतें मिलती रही हैं, पिछले दिनों झूठी शिकायत पर एक व्यक्ति को पूरे दिन थाने में बिठाकर रखा गया, इसके एवज में पचास हजार रुपए की मांग की गई। अंततः परिजन ने बीस हजार रुपए कर्ज लेकर पुलिस के एक चर्चित सिपाही को दिए, तब उसे थाने से छोड़ा गया। इसके बाद भी उससे पैसे की मांग की जाती रही। इस मामले में अभी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## अचानक गिरी पेड़ की डगाल, ट्रैफिक जाम

**बिलासपुर।** मंगला चौक से बस्ती व दीनदयाल नगर की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर अचानक पेड़ की डंगाल सड़क पर गिर गई, जिससे पूरे इलाके में यातायात व्यवस्था चरमरा गई। इस दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

घटना सोमवार दोपहर की है। मंगला चौक से मुंदड़ा अस्पताल जाने वाले मार्ग में उस समय अफरा-तफरी का माहौल हो गया जब वन विकास निगम के सामने अचानक पेड़ की डंगाल गिर गई। बिना आंधी के डगाल गिरना किसी की समझ में भी नहीं आया। इस दौरान राहगीरों और वाहन चालकों ने किसी तरह खुद को सुरक्षित



बचाया। विडंबना यह है कि घटना की सूचना नगर निगम को तत्काल दी गई, इसके बावजूद काफी देर तक निगम की कोई टीम मौके पर नहीं पहुंची। इस दौरान मंगला बस्ती, दीनदयाल कालोनी और आसपास के क्षेत्रों का संपर्क प्रभावित हो गया। लोगों को लंबा चक्कर लगाकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ा। वहीं शहर में ऐसे जर्जर पेड़ों की जांच और कटाई नहीं की जा रही है, यही कारण है कि आए दिन पेड़ और डंगाल सड़क व बिजली तारों पर गिर रहे हैं, जिससे लोग परेशान होते हैं।

### आसमान से बरसी आग, तापमान 45 डिग्री पार

## नवतपे के पहले दिन तपा सूरज

**बिलासपुर।** मौसम की मार से हर तरफ हाहाकार मचने लगा है। नवतपा के पहले दिन आसमान से इस कदर सूरज की किरणें निकली की जिले का तापमान 45.1 डिग्री पर पहुंच गया। इस सीजन में यह पहली बार है जब पारा 45 डिग्री के पार गया है, खास बात यह है कि रायपुर और राजनांदगांव में भी पारा क्रमशः 45.7 और 46.5 डिग्री दर्ज किया गया। यानी प्रदेश में पारा अब तेजी से बढ़ने लगा है।



मौसम विभाग ने गर्मी के प्रचंड तेवर को देख कर अलर्ट जारी कर दिया है। बिलासपुर समेत प्रदेश के 10 जिलों में भीषण गर्मी पड़ रही है, हालत यह है कि लोगों को बाहर निकलने पर लू और सनबर्न का खतरा मंडराने लगा है। सोमवार की सुबह से ही बेतहाशा गर्मी रही और कूलर व एसी काम नहीं कर रहे थे, हालत यह है कि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया, जिसके चलते रात में भी गर्मी से निजात नहीं मिल रही है। इस दौरान बेजुबान जानवरों पर इसका असर देखने को मिल रहा है, वहीं पक्षी आसमान से गायब हो चुकी है, सुबह 9 बजे के बाद उनकी चहचहावट सुनाई नहीं दे रही है। नवतपे का पहला दिन होने पर पारे का इसकदर बढ़ना लोगों के लिए नई मुसीबत के तौर पर सामने आई है, अभी 8 दिनों में सूरज की तपिश बढ़ने के आसार हैं।

## 1 करोड़ 5 लाख की ठगी पिता- पुत्र गिरफ्तार





**बिलासपुर।** रिटायड प्रोफेसर को डिजिटल अरेस्ट कर 1 करोड़ 5 लाख की ठगी करने वाले पिता-पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि मंगला चौक शांतीनगर रियटल हैवेन निवासी रिटायर्ड प्रोफेसर रमन श्रीवास्तव को डिजिटल अरेस्ट कर 1 करोड़ 5 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई थी। 30 अप्रैल 2026 को उनके बेटे की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज किया गया था। पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी। तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से रेंज साइबर थाना पुलिस ने महाराष्ट्र में दबिश देकर महाराष्ट्र भंडारा निवासी अब्दुल कयूम मंसूरी 47 साल उसके बेटा मोहम्मद नेमत उल्लाह मंसूरी को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के बैंक खाते में 54 लाख 40 हजार रुपए ट्रांसफर हुआ था। दोनों ने 2 प्रतिशत कमिशन में अपना बैंक खाता जालसाजों को उपलब्ध कराया था।

### सेंट्रल यूनिवर्सिटी के खिलाफ अवमानना याचिका लगाने वाले कर्मचारी धन्नू का निधन

# नियमितीकरण का इंतजार करते एक और कर्मचारी हुआ दुनिया से विदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में नियमितीकरण का इंतजार करते-करते एक और कर्मचारी दुनिया से विदा हो गया। नियमितीकरण मामले में सेंट्रल यूनिवर्सिटी के खिलाफ उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका लगाने वाला दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी धन्नू पांडेय का सोमवार को निधन हो गया। 109 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों में से अब तक करीब 10 कर्मचारी इस दुनिया को छोड़कर जा चुके हैं।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के 109 दैनिक वेतनभोगी





कर्मचारियों का नियमितीकरण मामला लफड़े में पड़ गया था। ये दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी करीब 15 वर्षों से अपने नियमितीकरण का लाभ के लिए न्याय पाने लड़ाई लड़ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट से सेंट्रल यूनिवर्सिटी का रिव्यू पिटीशन खारिज होने के बाद और हाईकोर्ट के फैसले के बाद कर्मचारियों की उम्मीद जगी थी। न्यायालय के निर्णय के बाद नियमितीकरण का लाभ नहीं दिए जाने पर यूनिवर्सिटी के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी धन्नू पांडेय सहित अन्य कर्मचारियों ने यूनिवर्सिटी खिलाफ अवमानना याचिका लगाई थी। इसी अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने पिछले सुनवाई में यूनिवर्सिटी प्रशासन को 15 दिनों के भीतर नियमित पद का भुगतान करने का निर्देश दिया है। इधर नियमितीकरण के लाभ का इंतजार करते-करते याचिकाकर्ता कर्मचारी धन्नू पांडेय का निधन हो गया। इस तरह 109 दैनिक वेतनभोगियों में से अब करीब 10 कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है और उनके परिवारों को भी उनके नियमितीकरण संबंधी भुगतान आदि का लाभ यूनिवर्सिटी नहीं मिल पाया है। वहीं करीब 18 कर्मचारी यूनिवर्सिटी द्वारा सेवा से हटाए जा चुके हैं।

### इस माह भी कर्मचारियों को दैनिक वेतन का भुगतान

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण संबंध में अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने इससे पहले के सुनवाई में यूनिवर्सिटी को कर्मचारियों को क्या दस्तावेज, आदेश दिए गए हैं और उनसे क्या दस्तावेज मंगाए गए हैं, यह सब प्रस्तुत करने कहा गया था। वहीं सत्यापन 15 दिनों के भीतर पूरा हो जाएगा और इस अवधि के भीतर नियमित पदों पर वेतन का भुगतान करने कहा गया था, लेकिन कोर्ट के निर्देश के बाद भी इस माह कर्मचारियों को दैनिक वेतनभोगी पद का ही वेतन दिया गया है।

### यूनिवर्सिटी ने कर्मचारियों से जमा कराए दस्तावेज

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में 109 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमितीकरण का लाभ न्यायालय के आदेशों के तहत दिया जाना है। इसलिए यूनिवर्सिटी की ओर से उन सभी कर्मचारियों को दस्तावेज जमा करने कहा गया है। अभी तक लगभग 80 कर्मचारियों ने अपने-अपने दस्तावेज जमा करा दिए हैं। इसके बाद यूनिवर्सिटी की ओर से गठित कमेटी द्वारा इन दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है।

### स्ववित्तीय योजनाओं के अंतर्गत नियमितीकरण

दूसरी तरफ यूनिवर्सिटी ने 16 फरवरी 2026 के उस आदेश को अपने नोटिस बोर्ड में चस्पा कर दिया है जिसे हाईकोर्ट में पेश किया गया था। इसमें उल्लेख किया गया है कि उक्त आदेश के अंतर्गत नियमित किए जा रहे कर्मचारियों का नियमितीकरण कार्यपरिषद द्वारा समय-समय पर सृजित एवं स्वीकृत श्रेणी के अशैक्षणिक रिक्त पदों के विरूद्ध किया जा रहा है। इन कर्मचारियों का वेतन आहरण यूनिवर्सिटी स्ववित्तीय योजनाओं के अंतर्गत संचालित बजट मद से होगा।

## खबर संक्षेप

### अखबार वितरक संघ के पदाधिकारियों ने महेश को दी श्रद्धांजलि



**बिलासपुर।** अखबार वितरक संघ के अध्यक्ष सियाराम विश्वकर्मा संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ 24 मई को अखबार वितरक संघ के सदस्य महेश उइके जिनका निधन 14 मई को हो गया था। उनके निवास मगरपारा जाकर मृतक महेश उईके के परिजनों से मिलकर मृतक महेश उईके को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दुखद घड़ी में उनके परिवार को सहन शक्ति का ईश्वर से प्रार्थना कर शोक प्रकट किए। संघ की ओर से सहयोग स्वरूप मृतक की धर्म पत्नी को उनके परिवार वालों के समक्ष सहयोग राशि दी गई और हरसंभव सहयोग करने की बात अध्यक्ष सियाराम विश्वकर्मा द्वारा कही गई। इस मौके पर मन्नू लाल यादव, प्रेम दुबे, शिव शंकर हमने, राधेश्याम तिवारी, अनुज मेश्राम, लक्ष्मेश्वर गढ़वाल, ओमप्रकाश गोंडा आदि सदस्य मृतक परिवार के साथ अखबार वितरक संघ के सदस्य उपस्थित रहे। यह जानकारी अखबार वितरक संघ के मीडिया प्रभारी शिव श्रीवास ने दी।

### रेकाम यूनियन ट्रक मालिक संघ ने कलेक्टर व डीआरएम को सौंपा ज्ञापन




**बिलासपुर।** रैक पाइंट व्यापार विहार से रेलवे कामगार मजदूर यूनियन ट्रक मालिक संघ के संयुक्त नेतृत्व में रैली निकालकर जिलाधीश एवं डीआरएम को ज्ञापन सौपा गया। प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधीश संजय अग्रवाल को सौंपे ज्ञापन में बताया कि उस्लापुर रैक पाइंट पर कोई भी जनसुविधा एवं मूलभूत सुविधा बिजली पानी रेस्ट रूम की व्यवस्था नहीं है, वहीं मजदूरों को काम के दौरान सुरक्षा के लिए प्रशासन के हस्तक्षेप की आवश्यकता है। उस्लापुर रैक पाइंट पर काम के दौरान प्रशासननिक हस्तक्षेप कर बिलासपुर रैक पाइंट के कामगारो एवं ट्रांसपोर्टरों को सुरक्षा उपलब्ध कराए। कलेक्टर ने आश्वासन दिया है कि जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन दोनों पक्षों की बैठक कराकर रास्ता निकाला जाएगा। डीआरएम से प्रतिनिधि मण्डल ने मांग की कि आनंद फानन में बंद किए गए बिलासपुर रैक पाइंट को बरसात तक प्रारंभ करने पुर्नविचार करें। उस्लापुर रैक पाइंट पर मूलभूत सुविधाएं एवं आवश्यक सुविधाएं बाहाल होने के बाद ही रैक पाइंट को चालू किया जाए। डीआरएम ने प्रतिनिधि मण्डल को आश्वस्थ किया कि उच्च अधिकारियों से चर्चा कर मांगों पर विचार किया जाएगा। जुलुस एवं प्रतिनिधि मण्डल में यूनियन के संरक्षक अभयनारायण राय, अध्यक्ष शत्रुहन रात्रे, महासचिव उबारन कुर्रे विनोद रात्रे, हरपिंदर पाल, मकसूद हसन, गुरजित सिंह धनोवा, मो हसन, शहनवाज खान, गौतम तिवारी, लगनू यादव, अजय मनहर, विष्णु रजक, जशपाल सिंह राणा, रामसनेही, बलविन्दर सिंह राय, आदिल खान आदि मौजूद थे।

### श्रीकांत वर्मा की 40 वीं पुण्य तिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**बिलासपुर।** श्रीकांत वर्मा की 40 वीं पुण्य तिथि पर उनकी प्रतिमा के समक्ष उपस्थित होकर उन्हें नागरिकों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर शिव सेना जिला अध्यक्ष महिला रेवती यादव ने बताया कि श्रीकांत वर्मा हिंदी साहित्य के सशक्त हस्ताक्षर, कवि एवं कथाकार श्रीकांत वर्मा 'नई कविता' आंदोलन के प्रमुख स्तम्भ थे। उनकी रचनाओं में आधुनिक जीवन की विडंबनाओं, अकेलेपन और राजनीतिक यथार्थ का गहरा और व्यंग्यात्मक चित्रण मिलता है। श्रीकांत वर्मा पचास के दशक में उभरने वाले 'नई कविता' के अत्यंत प्रभावशाली रचनाकार थे।।उनकी कविताओं और कहानियों में समकालीन व्यवस्था, मानवीय संत्रास और सत्ता के क्रूर यथार्थ की सटीक अभिव्यक्ति हुई है। उ वे मध्य प्रदेश से राज्यसभा के सदस्य भी निर्वाचित हुए थे । उनके पुत्र की एक सफल उद्यमी है और हमारे शिव सेना पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक हैं ।

### स्वर्णिमा एरा में 'एक शाम स्वर्णिम जश्न के नाम' थीम पार्टी



**बिलासपुर।** स्वर्णिमा एरा, बहतराई रोड में रविवार शाम "एक शाम स्वर्णिम जश्न के नाम" थीम पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रहवासियों, बच्चों और परिवारों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर शाम को यादगार बना दिया। स्विमिंग ज्योति धाम गार्डन में आयोजित इस कार्यक्रम में मनोरंजन, खेल और पारिवारिक मेलजोल का आकर्षक माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए "ब्लो द कैंडल" एवं "बॉल हंट चैलेंज" जैसी रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों की खिलखिलाहट और ऊर्जा ने पूरे आयोजन को जीवंत बना दिया। वहीं परिवारों ने भी विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लेते हुए एक-दूसरे के साथ खुशनुमा पल साझा किए। आयोजन स्थल को आकर्षक लाइटिंग, रंगीन सजावट और थीम आधारित डेकोरेशन से सजाया गया था, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। ओपन गार्डन में आयोजित इस कार्यक्रम का वातावरण पूरी तरह उत्सवमय नजर आया। स्वर्णिमा एरा प्रबंधन ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे आनंद और अपनत्व से भरपूर बताया। पूरे आयोजन के दौरान बच्चों और परिवारों में खासा उत्साह देखने को मिला तथा सभी ने इस पहल को सकारात्मक और मनोरंजक प्रयास बताया।

### सिम्स अस्पताल में डायलिसिस कराने वालों को वेटिंग की परेशानी से निजात मिलेगी

# अब 11 मशीनों से मिलेगी डायलिसिस सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स अस्पताल में अब डायलिसिस कराने वालों को वेटिंग की परेशानी से निजात मिलेगी। प्रबंधन ने मरीजों की समस्याओं को देखते हुए 11 डायलिसिस मशीनें लगाई है। जिससे किडनी की बीमारी से जुझ रहे मरीजों को होने वाली परेशानियां कम हो सकेगी।

सिम्स में प्रतिदिन रोजाना 18 सौ से 2 हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, वहीं 180 से अधिक मरीज विभिन्न विभागों में भर्ती किए जाते हैं। किडनी की समस्या से जूझ रहे मरीजों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने सिम्स की डायलिसिस यूनिट को विकसित किया गया है। अब तक 7 डायलिसिस मशीनें उपलब्ध थी, लेकिन हाल ही में 3 नई अत्याधुनिक मशीनें लगाई गई हैं, जिससे यूनिट में 11 मशीनें स्थापित हैं। इससे मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा। खास बात यह है कि सिम्स के पूर्णता विकसित यूनिट में हमेशा वेटिंग की स्थिति रहती है, जिससे किडनी की मशीनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, लेकिन अब स्थिति में सुधार होगा। डायलिसिस यूनिट में प्रतिदिन तीन शिफ्टों में लगभग 18 से 20 मरीजों का डायलिसिस किया जा रहा है। यूनिट द्वारा कुल 8230 सफल डायलिसिस किया गया है।



#### डेडिकेटेड टीम का दिख रहा असर

डायलिसिस यूनिट प्रभारी डॉ. आशुतोष कोरी के नेतृत्व में डायलिसिस यूनिट संचालित हो रहा है। यूनिट की सिस्टर इंचार्ज वंदना घोष सहित स्टाफ सदस्य मैनेजर फलेश्वर, डायलिसिस टेक्निशियन रोशन, अजय, नेहा, सतीश, हाउसकीपिंग स्टाफ मालती, राजू एवं मीना मरीजों की सेवा में सक्रिय भूमिका निर्वहन कर रहे हैं।

#### आयुष्मान से होता है इलाज

यूनिट में डायलिसिस के अतिरिक्त मरीजों के हीमोग्लोबिन नियंत्रण के लिए इंजेक्शन इरिथ्रो प्रोटीन एवं आयरन निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही गंभीर मरीजों के लिए प्लाज्माफेरेसिस जैसी विशेष चिकित्सा सुविधा भी संचालित की जा रही है, जिससे मरीजों को बड़े महानगरों में जाने की आवश्यकता कम हो रही है। खास बात यह है कि आयुष्मान योजना का पूरा लाभ मरीजों को मिलता है।

#### समय पर होगा उपचार

सिम्स लगातार आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तार देने की दिशा में कार्य कर रहा है। डायलिसिस मशीनों की संख्या बढ़ने से अब अधिक मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध हो सकेगा। हर जरूरतमंद लोगों का इलाज पूर्णतः निशुल्क है।

-डॉ रमणेश मूर्ति, डीन, सिम्स

#### सुविधाओं का विस्तार जरूरी

सिम्स में आने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार आवश्यक हो चुका है, नई मशीनों के माध्यम से अब मरीजों को अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण डायलिसिस सेवाएं मिल रही हैं।

-डा लखन सिंह, अधीक्षक, सिम्स

#### निरंतर काम कर रही टीम

यूनिट को आधुनिक तकनीक एवं सुविधाओं से संवारा गया है। टीम मरीजों को बेहतर एवं सुरक्षित उपचार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर काम कर रही है। प्लाज्माफेरेसिस जैसी विशेष सुविधा से गंभीर मरीजों को भी काफी लाभ मिल रहा है।

-डॉ आशुतोष कोरी, प्रभारी, मेडिसीन विभाग

## सीवीआरयू के छात्रों का कौशल न्यायिक सेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक साथ कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर संस्थान और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। तकनीकी कौशल, खेल और न्यायिक सेवा जैसे विविध क्षेत्रों में मिली इन सफलताओं ने विश्वविद्यालय की गुणवत्ता आधारित शिक्षा और समग्र विकास की अवधारणा को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया है।





सीआईआई वर्क स्किल्स प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के छात्र ओबैस अकील और किशन पंडित ने शानदार प्रदर्शन किया। वर्ष 2025 में कोलकाता में आयोजित सीआईआई ईस्टर्न रीजन वर्कस्किल्स प्रतियोगिता में ओबैस अकील ने प्रथम और किशन पंडित ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके आधार पर दोनों विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागिता का अवसर मिला। इसके बाद नई दिल्ली में 20 से 22 मई 2026 के बीच आयोजित 36वीं सीआईआई नेशनल वर्कस्किल्स प्रतियोगिता में किशन पंडित ने वेब डिज़ाइन श्रेणी में प्रथम रनर-अप का स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्र आदित्य यादव का चयन छत्तीसगढ़ की संभावित रणजी ट्रॉफी टीम में हुआ है। उनका प्रशिक्षण शिविर 25 मई से रायपुर में आयोजित किया जा रहा है।

वहीं विधि विभाग की छात्रा रिद्धि गुप्ता ने न्यायिक सेवा में सफलता प्राप्त करते हुए महाराष्ट्र में सिविल जज के पद पर नियुक्ति हासिल की है। उन्होंने इस परीक्षा में 20वां रैंक प्राप्त किया है। गौरेला की रिद्धि गुप्ता की यह सफलता उनके समर्पण, मेहनत और लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प का परिणाम है।

#### कौशल आधारित शिक्षा देने के लिए प्रयासरत : कुलपति

इन उपलब्धियों पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा किशन पंडित की यह उपलब्धि उनके समर्पण और कठिन परिश्रम का परिणाम है विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल आधारित शिक्षा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को सक्षम और आत्मनिर्भर बनाना है। यह उपलब्धि उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित करेगी। सम कुलपति डॉ. ज्योति ने कहा कि यह सफलता संस्थान में दी जा रही गुणवत्तापूर्ण मेंटरिंग और प्रतियोगिता आधारित प्रशिक्षण का प्रमाण है, जो विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार करता है।

## संजीवनी ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर




**बिलासपुर।** संजीवनी शाखा द्वारा सिंधु धर्मशाला सिंधी कॉलोनी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन जागरूकता अभियान के अंतर्गत विशेष सत्र आयोजित हुआ।

स्वास्थ्य शिविर में जिला संगठन आयुक्त (गाइड) डॉ. पूनम सिंह ने मासिक धर्म पर खुलकर बोलो, गलत सोच को पीछे छोड़ो एवं तारुण्यवार्ता विषय पर जानकारी देते हुए कहा कि किशोरियों के स्वास्थ्य के लिए माहवारी पर घर-परिवार में खुलकर बात होनी चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों से संवाद करें और घर का वातावरण माहवारी के प्रति संवेदनशील व सुरक्षित बनाएं ताकि कोई भी बच्ची संकोच या भ्रांति का शिकार न हो। संजीवनी अस्पताल के मुख्य अस्पताल अधीक्षक एवं वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद तिवारी ने जागरूकता अभियान में सहभागिता कर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.नवनीत कौशिक ने किया। कार्यक्रम में भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ के सहा.राज्य आयुक्त भूपेंद्र शर्मा एवं डॉ. राघवेंद्र सिंह ठाकुर की उपस्थिति रही । शिविर में डॉ. पूनम सिंह को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

### डाकघरों में सुबह से रात तक मिल रही सेवाएं

**बिलासपुर।** डाक विभाग बिलासपुर संभाग के विभिन्न डाकघरों में आधार नामांकन एवं अपडेट संबंधी सेवाएं प्रदान कर रहा है। बिलासपुर के प्रधान डाकघर बिलासपुर सहित आर.एस. उपडाकघर, बिल्हा, कोनी, एसईसीएल, रतनपुर, तखतपुर, लोरमी, करगीरोड तथा गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के पेंड्रा और पेंड्रा रोड डाकघरों में यह सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा मुंगेली जिले के मुंगेली डाकघर तथा जांजगीर जिले के प्रधान डाकघर जांजगीर, मालखरौदा और अकलतरा में भी आधार सेवाएं दी जा रही हैं। वहीं सक्ती जिले के सक्ती, डभरा और चंद्रपुर डाकघरों में भी नागरिक आधार से जुड़े कार्य करा सकते हैं। डाक विभाग के अनुसार सोमवार से शनिवार तक सुबह 10 बजे से आधार नामांकन एवं अपडेट का कार्य किया जा रहा है।

## अज्ञेय नगर में निःशुल्क पंचतत्व चिकित्सा व एक्यूपंक्चर चिकित्सा शिविर का समापन



**बिलासपुर।** ग्राम विकास गतिविधि आरोग्य संस्थानम् के तत्वावधान में 23 एवं 24 मई को ऑकारेश्वर मंदिर, अग्रेय नगर प्रांगण में निःशुल्क पंचतत्व चिकित्सा एवं एक्यूपंक्चर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित हुआ, जिसमें 213 नागरिकों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शिविर में पंचतत्व चिकित्सा पद्धति से शरीर में उपस्थित पांच तत्व - पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु एवं आकाश को संतुलित कर विभिन्न रोगों का उपचार किया गया।

शिविर में सरदर्द, कंधा दर्द, सर्वाइकल, जोड़ों का दर्द, स्लिप डिस्क, साइटिका, पंजा एवं कोहनी दर्द जैसे रोगों के साथ-साथ त्वचा रोग, मधुमेह, ब्लड प्रेशर, थायराइड, अनिद्रा, मानसिक रोग, लकवा, अस्थमा, महिला रोग एवं अन्य जटिल बीमारियों के उपचार संबंधी परामर्श एवं चिकित्सा प्रदान की गई। शिविर में डॉ. धीरेंद्र यादव, डॉ. अवंतिका अग्रवाल एवं डॉ. अर्चना अग्रवाल ने मरीजों का परीक्षण एवं उपचार किया गया। चिकित्सकों ने प्राकृतिक एवं वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के महत्व की जानकारी दी। इसे सफल बनाने में देवेंद्र, रोहित भागे, अमित चतुर्वेदी, हिमांचल साहू एवं अंजू सिंह राजपूत, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सुरेन्द्र मिश्रा, अजीत सिंह भोगल, पार्षद ध्रुव कोरी, संजय गुप्ता, महेंद्र जैन, जय सिंह चंदेल, अजय भट्ट, भूपेंद्र गुप्ता, निम्मी बनर्जी, नारायण तिवारी, प्रहलाद दूसेजा आदि का सहयोग रहा।

## जैन साधु-संतों की सुरक्षा व आर्यिका माता के दुर्घटना प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग



**बिलासपुर।** जैन समाज की माता 20 मई को विहार से वापस समय रीवा (म.प्र.) में घटित हुई है, जिसमें आचार्य विद्यासागर महाराज की शिष्या एवं आचार्य समयसागर महाराज की माता एवं परम पूज्य 105 उपशम मति माता का इस अत्यंत दुखद घटना में समाधि मरण हो गया है।

सकल जैन समाज बिलासपुर द्वारा कमिश्नर, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को उचित कार्रवाई करने के लिए ज्ञापन सौंपा। जैन समाज ने अपने ज्ञापन मे कहा यह घटना केवल एक सामान्य सड़क दुर्घटना प्रतीत नहीं होती। उपलब्ध तथ्यों, वीडियो क्लिपों एवं परिस्थितियों के आधार पर समाज में गहरी आशंका एवं चिंता का वातावरण निर्मित हुआ है। अतः इस सम्पूर्ण प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं उच्चस्तरीय जांच अत्यन्त आवश्यक है। समाज के अध्यक्ष दीपक जैन, महेंद्र जैन, जय कुमार जैन,सुकुमार जैन ने बताया कि जैन साधु-संत पैदल विहार करने वाले तपस्वी होते हैं। वे किसी प्रकार की सुरक्षा या भौतिक सुविधाओं का उपयोग नहीं करते तथा समाज में शांति, संयम, करुणा और अहिंसा का संदेश प्रसारित करते हैं। ऐसे संतों के साथ निरंतर बढ़ती दुर्घटनाएँ एवं हमले सम्पूर्ण समाज के लिए अत्यन्त चिंताजनक विषय हैं। ज्ञापन में घटना की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जाँच की जाए। इस अवसर पर जैन समाज के सनत जैन, अध्यक्ष दीपक जैन, सुकुमार जैन, महेंद्र जैन, जयकुमार जैन, संजीव चोपड़ा, सुरेंद्र मालू, विजय जैन, वीर जैन,देवेंद्र जैन, दीपक जैन, मनोज जैन, आशीष गोयल, सुनील जैन, संजय जैन, डॉ अंशुमान जैन, अजय जैन, अमिता गोयल, संजय जैन, मालती जैन, सविता जैन, अनुराग जैन, मनीष जैन आदि उपस्थित थे।



हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 26 मई 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



कार्यक्रम

## शोध साहित्य का पूर्वावलोकन प्रविधियों पर व्याख्यान



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन विभाग द्वारा टीचर कनेक्ट - फेकल्टी विमर्श का आयोजन कुलपति प्रो ललित प्रकाश पटैरिया के निर्देशन में किया गया। विषय विशेषज्ञ के रूप में विभागाध्यक्ष डॉ मानस पांडे, पूर्व संकायाध्यक्ष वीर बहादुर सिंह रहे। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ ने शोध की नवीन तकनीकों, शोध साहित्य का पूर्वावलोकन, शोध प्रविधियों पर अपना महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के संयोजक विभागाध्यक्ष डॉ अतुल दुबे ने छात्र छात्राओं को आधुनिक तकनीकों को जानने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ सहप्राध्यापक वाणिज्य विभाग पूजा पांडे ने किया और आभार अभिव्यक्ति डॉ सुमोना ने किया। कार्यपरिषद सदस्य डॉ संजीव शर्मा,वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन विभाग के आदित्य प्रताप सिंह, डॉ महेन्द्र मेहता, खेमेन्द्र देवांगन स्नातकोत्तर विभाग के छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

आयोजन

## प्रतिभावान बच्चों को उत्कृष्ट अंक लाने पर किया गया सम्मान



**बिलासपुर।** तिफरा में एक समारोह आयोजित कर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इसमें हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 2025-26 में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन करने वाले मेधावी छात्र छात्राएं शामिल रहे। यह सम्मान समारोह विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य, उनके अथक परिश्रम, अभिभावकों तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन को समर्पित रहा। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में अंबर वर्मा, ऋचा वर्मा, सात्विक सिंग यादव, भूमिका कश्यप, अमन कश्यप, रुद्र बाल्मीक, रीतांजलि जाल, डी. चंदना प्रमुख रहे। इस अवसर पर डॉ विद्या साहू, डॉ उषा, आरती अनंत, अंजलि चावड़ा, शिवम त्रिवेदी, यशस्वी चावड़ा सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

जागरूकता

## पीएम राहत योजना पर प्रशिक्षण सड़क दुर्घटना संबंधित दी जानकारी



**बिलासपुर।** पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस बिलासपुर के द्वारा लगातार सरल, सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुचारू आवागमन हेतु विभिन्न प्रयास किया जा रहे हैं। सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति ही निर्मित ना हो इस हेतु लगातार आम नागरिकों में जन जागरूकता के माध्यम से चेतना भी विकसित की जा रही है। इसी क्रम में भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम राहत योजना के तहत कैशलेस उपचार के संबंध में लगातार आम नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के द्वारा पीएम राहत योजना को किस तरीके से क्रियान्वयन करना है के संबंध में सभी तकनीकी पहलुओं के बारे में उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को विस्तार से अवगत कराई गई।

कार्यक्रम

## गुजराती समाज के युवाओं ने लिया गौसेवा संरक्षण का संकल्प



**बिलासपुर।** गुजराती युवा मंडल के तत्वावधान में बिलासपुर गौ सेवा धाम में आयोजित गौमाता पूजन में छप्पन भोग, दान संकल्प, घायल गौवंशों के उपचार हेतु दवाईयां दी गई। गुजराती समाज के युवाओं ने गौसेवा संरक्षण का संकल्प लिया। हिमांशु भाई नथवाणी ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी को गौ संरक्षण के उद्देश्य से अवगत करा गौमाता के धार्मिक महत्व को जन मानस तक पहुंचा कर लोग भगवान श्रीकृष्ण की तरह पूज्य भाव से गौवंश की सेवा करें। आचार्य सचिन द्विवेदी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न कराया। गौसेवा धाम को तोरण, द्वार, फूलों से सुसज्जित कर उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर गुजराती युवा मंडल बिलासपुर के अध्यक्ष हिमांशु भाई नथवाणी, सचिव कुणाल भाई ठक्कर, कोषाध्यक्ष मित्तल भाई ठक्कर, अंकित भाई चौहान आदि शामिल रहे।

# मातृ शक्ति ही सशक्त भारत का कर सकती है निर्माण

विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी द्वारा पद्माक्षि ग्लोबल पब्लिक स्कूल उसलापुर में आयोजित छत्तीसगढ़ प्रांत स्तरीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन हुआ। मुख्य वक्ता साध्वी गिरजेश नंदिनी ने कहा कि संगठित एवं संस्कारित मातृ शक्ति ही सशक्त भारत का निर्माण कर सकती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस आवासीय प्रशिक्षण वर्ग में 9 विभागों के 16 जिलों से कुल 105 बहनों ने सहभागिता की। जिन्हें आत्मविश्वास, अनुशासन, संस्कार एवं राष्ट्रभाव को सुदृढ़ करते हुए उन्हें समाज में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। मानसिक, शारीरिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाने हेतु विविध प्रकार के प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के अंतर्गत समता, दंड, तलवार, नियुद्ध, लक्ष्यभेद एवं योग जैसे शारीरिक अभ्यास कराए गए। बौद्धिक सत्रों में विश्व हिंदू परिषद एवं दुर्गावाहिनी का परिचय, लव जिहाद, आदर्श हिंदू घर, हिंदू संस्कृति की विशेषताएं, राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका, भारत का गौरवशाली इतिहास, पंच परिवर्तन एवं कार्यकर्ता के गुण-विवेक जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। कृति सत्र में शक्ति साधना केंद्र, बाल संस्कार केंद्र, किशोरी समस्याएं एवं आंदोलन जैसे विषयों पर व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही बहनों को "केरला स्टोरी 2" फिल्म का प्रदर्शन भी कराया गया। दैनिक दिनचर्या में दीप मंत्र, भोजन मंत्र, प्रातः स्मरण, एकता मंत्र, विजय महामंत्र एवं सत्संग पद्धति का अभ्यास कराया गया।

उसलापुर में प्रांत स्तरीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन





### इनका मिला मार्गदर्शन

वर्ग में केंद्रीय मंत्री एवं केंद्रीय सत्संग प्रमुख बसंत रथ, भोपाल क्षेत्र संगठन मंत्री जितेंद्र पवार, क्षेत्र सेवा प्रमुख विभूति भूषण पांडेय, मातृशक्ति क्षेत्र संयोजिका सुनीता गर्ग, दुर्गावाहिनी क्षेत्र संयोजिका प्रतिमा शर्मा, प्रांत मंत्री पूर्णेन्द्र सिन्हा, प्रांत उपाध्यक्ष शिशपाल राजपूत, उमंग हॉस्पिटल की संचालिका गीतिका शर्मा, पद्माक्षि पब्लिक स्कूल की संचालिका डॉ संजना तिवारी सहित अनेक पदाधिकारियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। वर्ग के संचालन में पालक के रूप में प्रेमलता बिसेन, वर्ग प्रमुख भारती सिंह, मुख्य शिक्षिका प्रीति दुबे, बौद्धिक प्रमुख शकुंतला सिंह, पर्यवेक्षिका रोशनी सोनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिक्षिकाओं एवं व्यवस्था में जुड़े सभी कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

### बेटियों को वैचारिक रूप से बनाना होगा सक्षम

दुर्गावाहिनी की केंद्रीय संयोजिका एवं विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय सह मंत्री प्रज्ञा परिमिता महला ने अपने उद्बोधन में कहा कि धर्मांतरण का मुख्य कारण गरीबी नहीं, बल्कि अज्ञानता है। जागरूकता के माध्यम से समाज को सशक्त बनाकर ही इस समस्या का समाधान संभव है। उन्होंने कहा कि आज की बेटियों को मानसिक, वैचारिक और शारीरिक रूप से सक्षम बनना होगा, तभी वे स्वयं की सुरक्षा करते हुए राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगी।

### बहनें अपने भीतर की शक्ति को पहचानें

समापन सत्र की मुख्य वक्ता साध्वी गिरजेश नंदिनी दीदी संचालिका, स्वामी भजनानंद वनवासी आश्रम केंदई कोरबा ने कहा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला नहीं, बल्कि राष्ट्र की शक्ति है। उन्होंने बहनों को आह्वान किया कि वे अपने भीतर की शक्ति को पहचानें। सनातन संस्कारों को जीवन में आत्मसात करें और समाज में धर्म, संस्कृति एवं राष्ट्र के प्रति जागरूकता का दीप प्रज्वलित करें।

# सेवा एक नई पहल का स्वास्थ्य शिविर नियमित परीक्षण व सेवा का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समाजिक संस्था सेवा एक नई पहल ने जोरापारा स्थित सुवाणी शांतिधाम सुखाश्रम में असमर्थ निराश्रित प्रभुजनों के लिए स्व हर्ष अरोरा की स्मृति में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। सिम्मी अरोरा के सहयोग और फल सब्जी मंडी के अध्यक्ष अनिल सलूजा सानिध्य में आयोजित इस शिविर में डॉ अविजित रायजादा, डॉ मोनिका केशरवानी, डॉ सोनिया शर्मा ने सभी बुजुर्गों का समुचित परीक्षण कर स्वयं की और से उपयुक्त दवाइयां निःशुल्क प्रदान की।

इस शिविर में आश्रम निवासी प्रभु जन के अलावा आस पास के निवासियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। इस अवसर पर डॉ रायजादा ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में अपनों से परित्यक्त इन बुजुर्गों के लिए विशेष स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतनी होती हैं समय समय पर समुचित दवाइयां कैसे देनी हैं ये हमें सुनिश्चित करना होगा, तभी ऐसे स्वास्थ्य शिविरों से वंचित और अंतिम वर्ग को लाभ मिलेगा ।

इस कार्यक्रम में कार्यक्रम संयोजिका व शांति धाम सुखाश्रम प्रमुख रेखा आहूजा सेवा एक नई पहल के संयोजक सतराम जेठ मनाली,सुनील सलूजा, जय अरोरा, अंशु सलूजा, श्याम तिवारी, सरिता सिंह, मनोज सरवानी दिनेश जोतवानी, लवी जुनेजा, विकास घई, अंजलि सलूजा, सिमरन तरेलजा, चंचल सलूजा एवं संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम समापन पर आमंत्रित अतिथि और चिकित्सक गण का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान करते हुए अध्यक्ष अनिल सलूजा ने आश्वस्त किया कि यह महज एक तत्कालिक शिविर मात्र नहीं अपितु इन निशक्त जनों को समय समय पर उपयुक्त दवाइयां उपलब्ध हों, और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण होता रहे। इसका दायित्व निर्वहन सलूजा परिवार और अरोरा परिवार संयुक्त रूप से करता रहेगा। समाजिक संस्था सेवा एक नई पहल के संयोजक सतराम जेठमलानी एवं रेखा आहूजा ने सभी सहयोगियों का आभार जताया।

### हर्ष की स्मृति में जिला अस्पताल को दिए गए पन्द्रह नए बेड



हर्ष अरोरा की स्मृति में मातृ शिशु अस्पताल जिला अस्पताल बिलासपुर में मरीज के परिजनों के लिए 15 नए बेड उपलब्ध कराए गए। स्व. हर्ष अरोरा की स्मृति में उनकी माता सिम्मी अरोरा द्वारा मरीज के परिजनों को ठहरने में हो रही परेशानियों को देखते हुए उनके लिए नये 15 बेड अरदास करके जिला अस्पताल बिलासपुर को सौंपें। इस अवसर पर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर कुजूर, फल सब्जी मंडी के अध्यक्ष अनिल सलूजा, ज्ञानी मान सिंह जी, डॉ शेफाली कुमावत, डॉ यश अग्रवाल सुनील सलूजा, अंशु सलूजा जय अरोरा, नितेश देवांगन, लवी जुनेजा रोशन साहू एवं अन्य उपस्थित थे।

# खुशहाल, संपन्न राष्ट्र ही बन सकता है विश्व गुरु : रचना



विवेकानंद केंद्र का अमृत परिवार मिलन कार्यक्रम

**बिलासपुर।** विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा बिलासपुर ने मंगला स्थित कृष्ण वाटिका में अमृत परिवार मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें मुख्य वक्ता मध्य प्रांत संगठक सुश्री रचना दीदी ने कहा कि खुशहाल, संपन्न राष्ट्र ही विश्व का मार्गदर्शन कर विश्व गुरु बन सकता है।

कार्यक्रम की शुरुआत ओंकार मंत्र एवं प्रार्थना से हुई। नगर प्रमुख डॉ सुषमा ने अतिथियों का परिचय दिया। मुख्य वक्ता मध्य प्रांत संगठक सुश्री रचना दीदी ने अमृत परिवार की छः भ वाली अवधारणा अर्थात परिवार में भाषा, भूष, भोजन, भजन, भवन, भ्रमण को विस्तार से समझाया कि किस प्रकार हम इसे अपना कर वर्तमान सामाजिक चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। राष्ट्र की सबसे छोटी इकाई परिवार है। यदि परिवार शांति, सुख और मनोरंजन के केंद्र बनेंगे तो निश्चित ही समाज और देश में भी यही स्थिति देखने को मिलेगी। योगेंद्र छत्तीसगढ़ विभाग संगठक द्वारा भजन की प्रस्तुति दी गई। हनुमान चालीसा का पाठ समस्त उपस्थित जन समूह ने किया।

कार्यक्रम का संचालन विवेकानंद केंद्र के नगर सह प्रमुख विवेक पांडेय एवं आभार प्रदर्शन नगर अमृत परिवार प्रमुख डॉ शीला शर्मा ने किया। कार्यक्रम के संयोजक पटेल परिवार रहे। कार्यक्रम में संगठन के जीवनव्रती कार्यकर्ता योगेंद्र, श्री जनार्दन, डॉ संजय वस्त्रकार, भुवनेश्वर पटेल, डॉ अतुल दुबे, ज्योत्सना मिश्रा, भरत पाखमोड़े, राहुल साहू सहित विवेकानंद केंद्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्पोटर्स न्यूज

मेंस अंडर-16 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट

# आयुष व आदित्य की गेंदबाजी की बदौलत बिलासपुर फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 16 एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसका सेमीफाइनल मैच धमतरी के मैदान में खेला जा रहा है। जिसमें बिलासपुर अपना सेमीफाइनल मैच भिलाई के मध्य 21 मई से खेला जा रहा है। जिसमें भिलाई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था और पहले बल्लेबाजी करते हुए 62.4 ओवर में 155 बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। जिसमें कुन्दन कोठारी ने नाबाद 67 रन और साई श्री आदित्य ने 29 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए आयुष ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 34 रन देकर 5 विकेट और आदित्य ब्यादवाल ने 28 रन देकर 4 विकेट प्राप्त किए।

इसके पश्चात बिलासपुर में अपनी पहली पारी खेलते हुए 117.2 ओवर में 536 रन बनाकर आउट हो गई और भिलाई से 381 रनों की बढ़त बना ली है। बिलासपुर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए अंश कोरी ने शानदार शतक पूरा करते हुए 127 रनों का योगदान दिया,अभिनव यादव ने शतक पूरा करते हुए 120 रन बनाए, आरुष कापसे ने भी शतक पूरा किया और 102 रनों का पारी खेला और यश शर्मा ने 75 रन, आदित्य ब्यादवाल ने 56 रन का योगदान दिया। भिलाई की ओर से गेंदबाजी करते हुए नमन गोयल ने 4 विकेट और जसराज सिंह सोहेल ने 2 विकेट प्राप्त किया। इसके पश्चात भिलाई ने दूसरी पारी खेलते हुए 60 ओवर में 5 विकेट में 159 रन ही बना पाई। इस तरह बिलासपुर ने पहली पारी के बढ़त के आधार से जीत दर्ज कर अंडर 16 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट के फाइनल में जगह बनाई। मैच के निर्णायक शैलेश उपाध्याय और नितिन कथवार, स्कोरर महेंद्र साहू और ऑब्जर्वर शेख अनवर टीम के कोच नावेद अली और सौरभ राय हैं।

### फाइनल मैच आज

बिलासपुर अपना फाइनल चार दिवसीय मैच रायपुर ब्लू के मध्य 26 मई को धमतरी में खेला जाएगा।बिलासपुर अंडर 16 टीम को अंडर 16 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट के फाइनल में पहुंचने पर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के सचिव विंटेश अग्रवाल, छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव मुकुल तिवारी, क्रिकेट संघ बिलासपुर के अध्यक्ष नवीन जाजोदिया, सचिव देवेंद्र सिंह, अनुराग बाजपेई, आलोक श्रीवास्तव, महेंद्र गंगोत्री, रितेश शुक्ला, आशीष शुक्ला, ओपी यादव दिलीप सिंह अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।



# बेसबॉल में छत्तीसगढ़ टीम की शानदार शुरुआत



छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ से महासचिव मिताली घोष ने जानकारी देते बताया कि 31वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय बेसबॉल चैंपियनशिप 29 मई तक कीट यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर ओड़िशा में आयोजित की जा रही है। जिसमें छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका बेसबॉल टीम भाग ले रही है।

प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ बालक टीम ने अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। बालक वर्ग का मुकाबला मध्यप्रदेश से हुआ, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार पिचिंग एवं सूझबूझ भरी हिटिंग का प्रदर्शन करते हुए मुकाबला 1-0 से अपने नाम किया। मैच के दौरान संजू, राहुल एवं हर्षवर्धन ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं बालिका वर्ग में छत्तीसगढ़ टीम का पहला मुकाबला राजस्थान से हुआ। दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने 1-1 रन बनाकर मैच ड्रॉ खेला। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह एवं टीम भावना के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। महासचिव मिताली घोष ने बताया कि टीम का अगला मुकाबला 26 मई को खेला जाएगा।

टीम के प्रदर्शन को देखते हुए संघ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ पलक जायसवाल,उपाध्यक्ष डॉ कैरोलाइन सत्तूर, कोषाध्यक्ष पूर्णिमा मिश्रा एवं सदस्य मृत्युंजय शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ टीम से पदक की उम्मीद जताई है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के लगभग 18 राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं। छत्तीसगढ़ टीम के कोच एवं मैनेजर अख्तर खान, लखन लाल देवांगन, चेतना देवलिया, पायल साखरे एवं संदीप गाहिरे खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### क्रिकेट स्पर्धा में बिरगहनी ने किया खिताब पर कब्जा

**पथरिया।** स्टार क्रिकेट क्लब जुनवानी द्वारा रात्रिकालीन टेट्रान बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरा सीजन का आयोजन जुनवानी कालेज ग्राउंड में 15 मई से किया गया। जिसका फाइनल मैच रविवार को उडगन (बिल्हा) और बिरगहनी के टीमों के बीच खेला गया। फाइनल मैच में बिरगहनी क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उडगन (बिल्हा) की टीम को हराकर इस प्रतियोगिता के खिताब को अपने नाम किया। आयोजन में अतिथि के रूप में जनपद पंचायत सदस्य कोमल साहू, मोहन साहू, गोपाल डड़सेना, रामनाथ निर्मलकर, टीकाराम राजपूत मौजूद रहे। इस मौके पर धीरेंद्र राजपूत, रोहन साहू, अशोक यादव, रितेश सिंगरौल, मनोज सर, राजेश राजपूत, नवीन साहू, भानु साहू, पुष्पेंद्र वर्मा, विशु बग्गा, चन्द्रजीत, मयंक, बिट्टू, लक्ष्यदीप, लेखराम साहू, रवि, गिरवर, देवेंद्र, अंकित, राजेश,मनीष, जवाहर, सन्नी अन्य मौजूद रहे।

## निधन

### सुभाष फ्रैंकलिन



**बिलासपुर।** जरहाभाठा कुम्हार पारा निवासी सुभाष फ्रैंकलिन का 25 मई को निधन हो गया। वे 74 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 26 मई को सुबह 10 बजे प्रभु वाटिका बलराम टाकीज में की जाएगी। वे रेनू फ्रैंकलिन के पति और बाबा गुल्लू, सविता, श्वेता और छोटी के पिता थे।

### महक कुकरेजा



**बिलासपुर।** शुक्ला लकड़ी टाल तोरवा निवासी महक कुकरेजा का 25 मई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 26 मई को सुबह 11 बजे उनके निवास से तोरवा मुक्ति धाम को जाएगी। वे सेवकराम कुकरेजा की बहू एवं अजय कुमार कुकरेजा की पत्नी थीं।

### राजाराम यादव



**बिलासपुर।** संतोषी मंदिर चांटीडीह निवासी राजाराम यादव का निधन 25 मई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 मई को सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे मुकेश यादव के पिता थे।

### बालचंद विश्वकर्मा



**बिलासपुर।** फ़जल बाड़ा निवासी बालचंद विश्वकर्मा का निधन हो गया। उनकी अंतिम अंतिम यात्रा 26 मई को उनके निवास फ़जल बाड़ा से दोपहर 12 बजे दयालबंद मुक्ति धाम को रवाना होगी।

### ब्रजेश चंद्र शर्मा



**बिलासपुर।** गोंड़पारा निवासी ब्रजेश चंद्र शर्मा का 25 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे अजय शर्मा के भाई, ऋषभ व शाश्वत शर्मा के पिता थे।

### हीराबाई कौशिक



**दगोरी।** ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक पूर्व पंच रविशंकर कौशिक की माता हीराबाई कौशिक का 25 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में 26 मई की सुबह किया जाएगा।

### रूपेश गुप्ता



**तखतपुर।** गनियारी निवासी रूपेश गुप्ता (मटक्कु ) का 43 वर्ष की आयु में 24 मई को निधन हो गया। वे मुकेश गुप्ता के बड़े भाई, आदि, ओम गुप्ता के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम गनियारी में किया गया।

## तखतपुर, बिल्हा व मस्तूरी क्षेत्र में हुईं दुर्घटनाएं

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मस्तूरी







थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम भंवतरा निवासी कीर्ति साहू ने मस्तूरी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें में बताया गया कि उनका बेटा अजीत साहू अपने दोस्त हरिशंकर कश्यप के साथ सोमवार सुबह करीब 5 बजे रायपुर काम करने के लिए निकला था। दोनों हरिशंकर कश्यप की बाइक क्रमांक सीजी 11 BV 1687 से जा रहे थे। बाइक हरिशंकर चला रहा था। सुबह करीब 6 बजे जब वे पेंड्री स्थित संदीपनी कॉलेज के पास पहुंचे थे कि अचानक सामने से आ रही इनोवा कार क्रमांक सीजी 10 एडब्ल्यू 6537 के चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक वाहन को घटनास्थल में छोड़ मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन बिलासपुर स्थित अस्पताल पहुंचे, जहां अजीत साहू का उपचार जारी है। बताया गया कि उसके कमर में गंभीर चोट आई है। वहीं हादसे में हरिशंकर कश्यप की मौत हो गई। मस्तूरी पुलिस ने आरोपी इनोवा चालक के खिलाफ धारा 105, 125 (ए) और 281 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है।

### कार चालक ने दोपहिया सवार को मारी टक्कर

**तखतपुर।** लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार चालक ने दूपहिया वाहन सवार को टक्कर मार दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ धारा 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार निगारबंद निवासी सतीश साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 24 मई को शाम 6 बजे अपने दूपहिया वाहन क्रमांक सीजी 10 बीजे 0206 से निगारबंद जा रहा था। उसी समय सामने की ओर से आ रही अज्ञात कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए टक्कर मार दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ धारा 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर बाइक सवार युवक की मौत

**बिल्हा।** अज्ञात वाहन की टक्कर से हिर्री से अपने गांव लौट रहे युवक की मौत हो गई, वहीं एक घायल हो गया। मामले में पुलिस जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार ग्राम पत्थरखान निवासी दूज राम नेताम का बड़ा लडका अजय ऊर्फ मोनू नेताम तिफरा स्थित शराब भट्ठी में काम करता था। 24 मई को छुट्टी होने के कारण वह घर में था। शाम करीब 4 बजे मोबाइल का किस्त पटाने एवं घर के दरवाजा के पेंट खरीदने के लिए वह चकरभाठा जाने निकला। रात्रि करीबन 10:30 बजे प्रार्थी के मंझले लड़के नरसिम्हा ने बताया कि अजय नेताम आन्नद मरकाम की बाइक लेकर हिर्री गया था। वापस आते समय निपनिया मेन रोड में अज्ञात गाडी से उसका एक्सीडेंट हो गया है। सिर पर चोट लगने के कारण उसे 112 वाहन की मदद से बिल्हा अस्पताल लाया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई। सूचना पाकर मृतक के पिता गांव के कोटवार शिवदास के साथ बिल्हा अस्पताल गए, वहां आंनद नेताम से पूछने पर उसने बताया कि उसकी बाइक में अजय नेताम के साथ घूमते हुए वे रात 8 बजे हिर्री गए थे। वापस आते समय हिर्री के राधे मरकाम को लेकर वापस आ रहे थे।



## बिल्हा में लगा शिविर, 250 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिल्हा

स्व. रामदुलारी गुप्ता की पुण्यतिथि पर अग्रसेन भवन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में अपोलो हॉस्पिटल के डॉक्टर संभवी, डॉक्टर मोहन गुप्ता, डॉक्टर शुभम, डॉक्टर सीतेंदु पटेल, डॉक्टर रूपेश श्रीवास्तव, डॉक्टर अविनाश गुप्ता, डॉक्टर संदीप, डॉक्टर प्रकृति यदु, डॉक्टर संदीप तिवारी, डॉक्टर अंकिता गुप्ता, डॉक्टर राघवेंद्र ने 250 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन, बीपी एवं अन्य बीमारियों की जांच की गई। शिविर में 40 लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने शिविर में कहा कि इस प्रकार के आयोजन लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमित केडिया, डॉक्टर आरसी अग्रवाल, अभय अग्रवाल का सराहनीय योगदान रहा। उपरोक्त जानकारी कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर नीलकंठ गुप्ता, द्वारिका गुप्ता एवं महेंद्र गुप्ता ने दी। कार्यक्रम में वंदना जेंड्रे, सतीश शर्मा, विष्णु बिंदल, मोहन ढोरीया, मनोज मंगल, अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अमर ने कहा- भाजपा जनसेवा की राजनीति के लिए प्रतिबद्ध



**बिलासपुर।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक अमर अग्रवाल ने बिलासपुर नगर पालिका निगम के वार्ड क्रमांक 29 संजय गांधी नगर तारबहार में भाजपा पार्षद प्रत्याशी मधुसूदन राव के समर्थन में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। इस दौरान श्री अग्रवाल ने क्षेत्रवासियों से कमल छाप पर बटन दबाकर भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास, सुशासन और जनसेवा की राजनीति के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने कहा कि नगर निगम में भाजपा की मजबूत उपस्थिति से क्षेत्र के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। इसके पश्चात श्री अग्रवाल झूलेलाल मंगलम बिलासपुर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 में शामिल हुए, जहां उन्होंने वरिष्ठजनों एवं कार्यकर्ता साथियों के साथ संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रशिक्षण अभियान कार्यकर्ताओं के वैचारिक विकास एवं संगठनात्मक मजबूती का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रमों में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### श्रमिकों को ई-श्रम साथी एप से मिलेगा घर बैठे रोजगार

**बिलासपुर।** अब रोजगार के लिए श्रमिकों को लेबर चौक पर खड़े रहने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें अब ई- श्रम साथी एप के माध्यम से श्घर बैठे रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले के सभी निर्माण विभागों से श्रम विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शुरू किए गए "ई-श्रम साथी एप (सीजी लेबर चौक)" में अधिक से अधिक पंजीयन कराने का अनुरोध किया गया है। इस एप से श्रमिकों को अब काम की तलाश में लेबर चौक अथवा चावड़ी में खड़े रहने की आवश्यकता नहीं होगी। श्रम विभाग द्वारा विकसित इस ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए जिस भी व्यक्ति, संस्था अथवा ठेकेदार को श्रमिकों की आवश्यकता होगी, वे इस एप के माध्यम से सीधे श्रमिकों से संपर्क कर आवश्यकतानुसार कार्य पर बुला सकेंगे। इससे श्रमिकों को रोजगार के अवसर आसानी से उपलब्ध होंगे तथा समय और श्रम की बचत भी होगी।

## महमंद पंचायत में सीसीरोड का भूमिपूजन



**मस्तूरी।** विधानसभा क्षेत्र मस्तूरी अंतर्गत ग्राम पंचायत महमंद के वार्ड क्रमांक 3 में बहुप्रतीक्षित सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया गया।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी एवं चंद्रप्रकाश सूर्या (प्रदेश महामंत्री, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा) तथा बीपी सिंह (किसान मोर्चा प्रवक्ता) की उपस्थित थे। इस सड़क निर्माण से वार्ड क्रमांक 3 के ग्रामीणों को बरसात के दिनों में कीचड़ और जलभराव की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि विक्की निर्मलकर, ओमप्रकाश सूर्यवंशी, पंच माधव साहू, मनोज सिंह, अमित रजक, अशोक साहू, सीना यादव, ललन सूर्यवंशी, दीपक साहू, रामा टंडन, आशीष यादव, सितेंद्र माकरे, राजेंद्र यादव, कुलदीप रजक, अशोक मानिकपुरी, राकेश सूर्यवंशी, राजेश वैद्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए कृषि उपज मंडी की भूमि आवंटित

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के निरंतर प्रयास से नगरी क्षेत्र में पेयजल के लिए खुड़िया में निर्माणाधीन अमृत मिशन 2.0 के तहत वाटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण के लिए कृषि उपज मंडी से लगभग एक एकड़ भूमि नगर पालिका को प्रदान किया गया।

अरुण साव ने कहा कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण होने से नगरवासियों को शुद्ध पेयजल निर्बाध सुचारू सप्लाई होगी। ये क्षेत्रवासियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि खुड़िया का पानी लोरमी, मुंगेली के अलावा तखतपुर के लोगों के लिए उपयोगी साबित होगा। 302 करोड़ की लागत की इस योजना से लोगों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति होगी।

## 16 एकड़ के पैरावट में आग: खाद मवेशियों का चारा जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

ग्राम दाढ़ीपारा में किसान पंडित ज्ञानिक दास के 16 एकड़ के धान पैरावट में आग लगने से गांव मे हड़कंप मच गया। ढाई घण्टे बाद अग्निशमन वाहन मुंगेली से पहुंचा, तब तक कच्चे मकान में रखा 8 बोरी यूरिया खाद व 2 बोरी पोटाश एवं मवेशियों का सूखा चारा भूंसा जलकर राख हो गया।

जानकारी के अनुसार नथेला पारा के आश्रित ग्राम दाढ़ी पारा में किसान पंडित ज्ञानिक दास के 16 एकड़ के पैरावट में आग लगने का मामला प्रकाश में आया हैं। पीड़ित के पुत्र राजेश्वर प्रसाद ने बताया कि उसे पैरा जलने की बदबू आई तो बीती रात रविवार को 11:45 में बजे आग लग गई थी। उन्होंने रात में चिल्फी थाने में सूचना दी एवं डायल 112 में सूचना देकर अग्निशमन वाहन की मांग कर अवगत कराया। मुंगेली से ढाई घण्टे बाद अग्निशमन वाहन पहुंचा। तब तक स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने की कवायद की जा रही थी। ग्रामीणों की सहायता से आग से बगल के कच्चा मकान में बंधे पालतू 9 मवेशियों को आनन-फानन बाहर निकाला गया। कच्चा मकान मवेशियों के लिए सूखा चारा भूंसा एवं यूरिया 8 बोरी खाद पोटास 2 बोरी जलकर कर राख हो गया। उक्त खाद बारिश फसल के लिए एकत्रित करना प्रारम्भ किये थे। कच्चा मकान एक साइड जलकर राख हो गया है। अग्निशमन की मदद से आग पर सोमवार की सुबह 5 बजे तक काबू पाया।

■ अग्निशमन की मदद से आग पर सोमवार की सुबह 5 बजे तक काबू पाया

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर**
**सीमांकन सूचना**

प्रति, सर्वश्री/श्रीमती 1. ईशान त्रिपाठी पिता जयनारायण त्रिपाठी 2. अमित सिंह 3. खुशबु केशरवानी अन्य हितबद्ध पक्षकार
विषय :- सीमांकन / स्थल जाँच में उपस्थित रहने बावत।
संदर्भ:- न्यायलय तहसीलदार /अति.तह./ ना.तह. के ज्ञापन दिनांक 11/05/2026

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम अमेरी प.ह.न. 43 रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के (छ.ग.) के अंतर्गत खसरा नं. 18/29 रकबा 0.0334 एकड़/ हेक्टेयर भूमि ईशान त्रिपाठी पिता जयनारायण त्रिपाठी के द्वारा सीमांकन/ स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल जाँच दिनांक 26/05/2026 को समय 3:00 से 5:00 बजे किया जावेगा।

अतः आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें । अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अतः सुचना जाने।
टिप :- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन / स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।
1. न्यायलय तहसीलदार / अति.तह. ना. तह. को सूचनार्थ 2. हल्का पटवारी को सूचनार्थ, सहदेव प्रसाद बर्मन प्रशांत वर्मा 3. आर. आई. अखिलेश साहू जी को सूचनार्थ

राजस्व निरीक्षक
सकरी

---

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल एल.आई.जी. (दीनदयाल आवास योजना) मंगला बिलासपुर में निर्मित एल.आई.जी. भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी.-858, मूल आबंटी श्रीमती श्यामा कुमारी साहू पति श्री कृष्ण कुमार साहू, को स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 19.07.2023 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 21.03.2025 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्रीमति सविता साहू पति श्री राजकुमार साहू के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / शासकीय/ अर्द्धशासकीय / संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा / आपत्ति मान्य नही होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय :- श्रीमती गिरिजा देवी मेरावी प्रधान जिला न्यायाधीश मुंगेली जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

जमुना देवी वगैरह................अपीलार्थीगण
बनाम
जीवन जाटवर वगैरह............उत्तरवादीगण
व्यवहार अपील प्र. क्रं. 02अ/2026
पेशी तारीख 16/07/2026
प्रोसेस क्रमांक - 934/26

प्रति, 1. श्रीमती जानकी देवी पुत्री स्व. बीरमदास, निवासी ग्राम खम्हरिया पोस्ट फरहदा, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) 2. श्रीमती भावना रात्रे पति राज रात्रे, निवासी अमेरी, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**समंस/नोटिस**

इस न्यायालय में अपीलार्थीगण द्वारा उत्तरवादीगण के विरुद्ध आदेश 41 नियम 01 सहपठित धारा 96 व्य.प्र. संहिता के अंतर्गत अपील प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में आपको उत्तरवादी क्रमांक 03 एवं 04 के रूप में संयोजित किया गया है। उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 16.07.2026 को नियत है।

अतः आप उत्तरवादी क्रमांक 03 एवं 04 स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज अपनी प्रतिरक्षा के संबंध में दस्तावेज एवं जवाब प्रस्तुत करें अन्यथा प्रकरण में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी, उक्त पेशी दिनांक को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जावेगी।

यह आज दिनांक- 15.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

(श्रीमती गिरिजा देवी मेरावी)
प्रधान जिला न्यायधीश मुंगेली
जिला-मुंगेली (छ.ग.)

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क्र............../ अ-6-अ / 2025-26
ग्राम-उसलापुर, तहसील - सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदक/आवेदिका. प्रवीण कुमार राय पिता/पति स्व. कोमल सिंह राय निवासी इमलीपारा अग्रोहा भवन के पास तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर के द्वारा ग्राम उसलापुर प.ह.नं. 60 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 154/5 रकबा 0.022 हे. में विद्यमान अप्राधिकृत / गलत/ अशुद्ध/ प्रविष्टि के संबंध में अभिलेख को शुद्ध कर राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने आवेदन पत्र माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तखतपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 05.06.2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 20-05-26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सकरी

---

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
मा0क्र0 / अ-3/2025-26,
ग्राम घुरू तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम घुरू प0ह0न0 61 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक रवि प्रसाद साहू पिता रामानुज साहू, निवासी हाउस नं. 430, उस्लापुर फाटक, मोसजी वाइट के पीछे, आनंद नगर अमेरी, बिलासपुर जिला बिलासपुर छ0ग0 के द्वारा लेख किया है कि मौजा **घुरू प.ह.नं. 61 रा.नि.मं. सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 80/1, 80/2, 80/3, 81/1, 81/2, 82/1, 83/2, रकबा कमशः 0.1290, 0.0810, 0.0520, 0.2230, 0.0600, 0.2060 कुल खसरा 07 कुल रकबा 0.751 हेक्टेयर** भूमि उक्त समस्त खसरा क्रमांक आपस में संलग्न (सटे हुए) है तथा एक ही स्वामित्व में दर्ज है। उक्त खसरों का एकीकरण राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 08/06/2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार
सकरी

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल- अमसेना उप तहसील सकर्रा तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**
क्रमांक /क/रा.नि./ अमसेना
दिनांक 16/5/2026

प्रति,
1. दिग्विजय वैद पिता उम्मेद वैद 2. रिचा अग्रवाल पति जे.के.अग्रवाल 3. दिनेश सिंह पिता एच.एन.सिंह 4. सिद्धार्थ वैद पिता जयचन्द वैद 5. मनहरण पिता मयाराम 6. लोक निर्माण विभाग बिलासपुर 7. एनएचएआई एवं अन्य हितबद्ध पक्षकार ख.नं. 852, 851, 853, 854, 856, 862 के समस्त बटांकनधारी।
विषयः सीमांकन/मौका जाँच /नक्शा बटांकन के समय उपस्थित रहने बाबत।
संदर्भः न्यायालय नायब तह.सकर्रा क्रमांक /क/ना.तह./रीडर/2026 दिनांक 12/05/2026

ग्राम बेलमुण्डी प.ह.नं. 38 रा.नि.म. अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) आवेदक दिग्विजय वैद पिता उम्मेद चंद के द्वारा खसरा नं. 855/3 रकबा 0.309 के सीमांकन /मौका जाँच /नक्शा बटांकन हेतु तहसीलदार, नायब तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है उपरोक्त संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में भूमि का सीमांकन /मौका जाँच /नक्शा बटांकन की कार्यवाही दिनांक 27/05/2026 और समय 4.30 pm को किया जायेगा जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उपस्थित नहीं होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

टीपः- विशेष परिस्थिति में समय और दिनांक परिवर्तनशील होंगे।

राजस्व निरीक्षक अमसेना
उप तहसील सकर्रा तहसील सकरी,
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल- अमसेना उप तहसील सकर्रा तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**
क्रमांक /क/रा.नि./ अमसेना
दिनांक 16/5/2026

प्रति,
1. दिग्विजय वैद पिता उम्मेद वैद 2. रिचा अग्रवाल पति जे.के.अग्रवाल 3. दिनेश सिंह पिता एच.एन.सिंह 4. सिद्धार्थ वैद पिता जयचन्द वैद 5. मनहरण पिता मयाराम 6. लोक निर्माण विभाग बिलासपुर 7. एनएचएआई एवं अन्य हितबद्ध पक्षकार ख.नं. 852, 851, 853, 854, 856, 862 के समस्त बटांकनधारी।
विषयः सीमांकन/मौका जाँच /नक्शा बटांकन के समय उपस्थित रहने बाबत।
संदर्भः न्यायालय नायब तह.सकर्रा क्रमांक /क/ना.तह./रीडर/2026 दिनांक 12/05/2026

ग्राम बेलमुण्डी प.ह.नं. 38 रा.नि.म. अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) आवेदक सिद्धार्थ वैद पिता जयचंद वैद के द्वारा खसरा नं. 855/4 रकबा 0.475 के सीमांकन /मौका जाँच /नक्शा बटांकन हेतु तहसीलदार, नायब तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है उपरोक्त संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में भूमि का सीमांकन /मौका जाँच /नक्शा बटांकन की कार्यवाही दिनांक 27/05/2026 और समय 4.30 pm को किया जायेगा जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उपस्थित नहीं होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

टीपः- विशेष परिस्थिति में समय और दिनांक परिवर्तनशील होंगे।

राजस्व निरीक्षक अमसेना
उप तहसील सकर्रा तहसील सकरी,
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय तहसीलदार पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
Email:- tahsilpatharia@gmail.com
रा.प्र.क्र./ /1-6/2025-26
ग्राम-सेंदरी, प.ह.नं. 24
**॥ दैनिक समाचार-पत्र के माध्यम से ईश्तहार।।**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण / आवेदिकागण रूखमनी पति स्व. सनत सिंह एवं अन्य 6, जाति कंवर, निवासी ग्राम सेंदरी, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा ग्राम सेंदरी, प.ह.नं. 24, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नम्बर 300 रकबा 0.045 हेक्टेयर भूमि बनवासिया बाई पुत्री बलियार सिंह के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार बनवासिया की मृत्यु दिनांक 10/02/2010 को हो चुकी है तथा उनके जीवनकाल में उनके भाई के पुत्र स्व.सनत सिंह पिता स्व. ईश्वर सिंह के द्वारा पालन पोषण, देख-रेख करते चले आ रहे थे। ईश्वर सिंह की मृत्यु दिनांक 02/10/2009 को हो चुकी है, जिनके वैध वारिसान आवेदकगण है। सनत सिंह पिता ईश्वर सिंह की मृत्यु दिनांक 29/11/2025 को, गनपत सिंह की निःसंतान मृत्यु दिनांक 04/01/2010 को, लहरा बाई की निःसंतान मृत्यु दिनांक 20/05/2009 को हो चुकी है। उक्त भूमि के खातेदार के फौत होने पर उनके नाम को राजस्व अभिलेख से विलोपित करते हुये आवेदकगण के नाम पर फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 28/05/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार
पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

---

**समक्ष - जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बिलासपुर (छ.ग.)**
ध्रुव सिंह ठाकुर..........आवेदक
विरुद्ध
मनीष यादव................अनावेदक
प्रकरण क्र-DC/375/CC/126/2025
पेशी दिनांक 15.07.2026
**//संमन//**

प्रति,
मनीष यादव प्रोपराईटर, पेसफिक्स टुर्स, डी/1-बी, काशी चेम्बर्स, अपोजिट रोटरी क्लब, लिंक रोड बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर, (छ.ग.) वर्तमान पता घुरू अमेरी, थाना संकरी, तहसील संकरी, जिला बिलासपुर, (छ.ग.) मोबाईल नम्बर- 9329400400.....(विरोधी पक्षकार)

परिवादी ने विरोधी पक्षकार के विरूद्ध माननीय जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग बिलासपुर, (छ. ग.) के समक्ष उपभोक्ता संरक्षण अधि. 2019 की धारा 35 के अंतर्गत परिवादी से, विदेश यूरोप यात्रा में ले जाने हेतु रकम लेने के बाद, यात्रा में नही ले जाने पर सेवा में कमी के संबंध में परिवादी द्वारा कुल राशि रु.4,80,000/- (चार लाख अस्सी हजार रूपये) क्षतिपूर्ति के रूप में विरोधी पक्षकार से दिलाए जाने के संबंध में परिवाद प्रस्तुत किया है। जिसकी पेशी दिनांक 15.07.2026 को नियत है। इस प्रकरण में उपरोक्त दिनांक को दिन के 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब पेश कर प्रकरण के कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आप के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

आज दिनांक 25/05/26 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

आनंद कुमार सिंघल
अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता
विवाद प्रतितोष आयोग
बिलासपुर (छ.ग.)

---

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आसामी के द्वारा श्री शमशेर अहमद सिद्दिकी, उम्र 50 वर्ष पिता श्री नुर मोहम्मद सिद्दिकी निवासी मकान नं.-22, साबरी रोड, फरीदनगर, सुपेला, भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) से इनके द्वारा अनुबंधित भूमि मौजा ग्राम पेंड्रीडीह प.ह.नं. 10, रा.नि.मं. बिल्हा, तहसील बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि का खसरा नम्बर 126/1 रकबा 0.2590 हेक्टेयर भूमि जिसके मूल भूस्वामी श्री गनी मोहम्मद शेख पिता श्री सत्तार मोहम्मद शेख निवासी मकान नंबर 4/सी, सड़क नंबर 51, सेक्टर-06, भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के नाम पर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है उक्त अनुबंधित भूमि अनुबन्धकर्ता श्री गनी मोहम्मद शेख पिता श्री सत्तार मोहम्मद शेख निवासी से खरीदने का पक्का सौदा कर श्री गनी मोहम्मद शेख (भूमि स्वामी) को बयाना राशि दो गवाहों के समक्ष दिनांक 21 मई 2026 को दी जा चुकी है इस बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्थशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जाने।

भवदीय
बसंत सन्नाड
अधिवक्ता
मो. 6261854123, 9977266223

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग**
**सीमांकन / मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र**

प्रति,
आवेदक/आवेदिका कविता भेलवा पति राजेश भेलवा तारबाहार बिलासपुर
आवेदक के बताये अनुसार समीपी भूस्वामी (1) तामेश रॉय हेमूनगर बिलासपुर (2) अन्य हितबद्ध सरहदी भूमिस्वामी (3) व ख.नं. 78 अन्य भूमिस्वामी (4) ग्राम कोटवार।
विषयः- सीमांकन / मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना के संबंध में।
संदर्भः- न्याया. ना. तह. बोदरी के ज्ञापन क्रमांक /क/ ना. तह./वा/2025 बोदरी दिनांक 06/02/2026

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक/आवेदिका कविता भेलवा पिता/पति राजेश भेलवा जाति ईसाई निवासी तारबाहर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम धमनी प.ह.न. 07, रानिमं. व तहसील बोदरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 78/2 रकबा 0.0730 एकड़ के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर / सीमांकन किये हेतु न्याया. नाय. तहसीलदार बोदरी में छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 29/05/26 12.00 से 4.00 बजे को किया जाना है। अतः आप उक्त समय पर अपने समस्त कागजात के साथ मौके पर उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

टीपः- उपरोक्त सीमांकन/मौका जांच अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं.बोदरी, तहसील-बोदरी
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ वाचक/अति-कले/2024, बिलासपुर, दिनांक 27.04.2026
आवेदक श्री दीपक खाण्डेकर आत्मज श्री ईश्वर खाण्डेकर उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम देवगांव थाना व तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग.एवं आवेदिका कुमारी राजवी मकवाना मनसुखभाई पिता श्री मनसुखभाई उम्र 19 वर्ष निवास- ग्राम टोडा पो. लाठी थाना लाठी तहसील अमरेली जिला अमरेली (गुजरात) पिन-365430

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/ दावा इस कार्यालय में दिनॉक 04.06.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


दीपक खाण्डेकर


कु. राजवी मकवाना

अतिरिक्त कलेक्टर एवं
विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार-2 बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भः जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00038 जरहाभाठा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT20252640 0108200034

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00038 के अंतर्गत ग्राम जरहाभाठा के वर्तमान भूमिस्वामी माखन पिता/पति-कृपाराम पता -, सुशील, रानी, लीलावती, राम राकेश, चंपावती, तारा पिता/पति-स्व. बालाराम पता-, सरोज कुमार, अजय कुमार, लक्ष्मी बाई पिता/पति-भागवत पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 95/1(0.1860) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता कनक लता सूर्यवंशी श्यामलता करियारे प्रेमलता किरण प्रतिमा कौशल राजकुमारी सूर्यवंशी पिता/पति-स्व माखन लाल सूर्यवंशी पता-जरहाभाठा, करण सूर्यवंशी करुणा सूर्यवंशी रश्मि सूर्यवंशी पिता स्व राजकुमार सूर्यवंशी नर्मदा देवी बेवा पिता/पति-स्व राजकुमार सूर्यवंशी पता-जरहाभाठा, जयश्री सूर्यवंशी कृष सूर्यवंशी पिता स्व रमेश सूर्यवंशी मंजू सूर्यवंशी बेवा पिता/पति-स्व रमेश कुमार सूर्यवंशी पता जरहाभाठा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / व्याता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10/06/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार 2 बिलासपुर पर की जायेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दाचा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दाया आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/05/2026 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार : Samarth Thawalt

---

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### गुरुदयाल को आईएफएस परीक्षा में मिली 105वीं रैंक

**मुंगेली।** जिले के ग्राम पलानसरी के होनहार युवा गुरुदयाल ने इंडियन फॉरेस्ट सर्विस आईएफएस परीक्षा में 105वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। गुरुदयाल ग्राम पलानसरी निवासी सचिव काशीराम के पुत्र हैं। साधारण परिवार में जन्म लेकर सीमित संसाधनों के बीच उन्होंने कठिन संघर्ष और लगातार मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया। ग्रामीणों का कहना है कि गुरुदयाल की सफलता पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। नगर के अम्बेडकर चौक कलेक्टर आफिस के सामने स्वागत, शाम 4.30 बजे गुरू घासीदास चौंक दाउपारा सामने स्वागत, शाम 5 बजे महराणा प्रताप चौक पडाव चौक उनके स्वागत की तैयारी की गई है।



# वर्षों से लोगों को राहत भरी छांव दे रहा माखन कटोरी पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

अलग खबर

नगर के प्रसिद्ध खैया तालाब के किनारे स्थित बरगद का विशाल वृक्ष अपनी खूबसूरती के साथ 200 वर्षों से खड़ा है। इस विशाल वृक्ष के नीचे भरी गर्मी में लोग आकर सुकून महसूस करते हैं। शाम के वक्त मोहल्लेवासियों की चर्चा होती है, यहां के बुजुर्ग बताते हैं कि यह विशाल बरगद का पेड़ वर्षों से अपना विस्तार कर रहा है जिससे इसका आकार बढ़ गया है जो आने वाली पीढ़ी के लिए वरदान साबित होगा। ऐसे ही कई पुराने वृक्ष इस तालाब के किनारे पर्यावरण को बचाने खड़े हैं। इसी तरह मां डिडनेश्वरी मंदिर परिसर स्थित श्रीकृष्ण वट (अक्षयवट) यह वृक्ष दशकों से लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। इस पेड़ के पत्ते दोने जैसी आकार होने से यहां आने वाले



श्रद्धालु कौतूहलवश वृक्ष के पास आकर पत्ते तोड़कर घर ले जाते हैं। जिसकी पौराणिक मान्यता होने के कारण भी घर के पूजा स्थान व तिजोरी में रखते हैं। यह दुर्लभ वृक्ष कुछ ही स्थानों में पाया जाता है। मल्हार के शिव कुमार अवस्थी ने 15 अगस्त 1991 में इस वृक्ष को पौधे के रूप में लगाया था। अब यह 35 वर्ष बाद विशाल वृक्ष बनकर लोगों को छांव देकर सुकून के अलावा आस्था से जोड़ रहा है। तीन वर्ष पूर्व गुप्त नवरात्र पर्व पर इसी वृक्ष के नीचे सहस्त्रचण्डी महायज्ञ का आयोजन भी हुआ था। यहां आने वाले श्रद्धालु अपनी मनोकामना के लिए चुनरी में नारियल बांधकर मनौती भी रखते हैं। पौराणिक मान्यता के अलावा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी यह वृक्ष महत्वपूर्ण है। माना जाता है कि यह वृक्ष सबसे ज्यादा कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित कर दूसरे वृक्ष से ज्यादा आक्सीजन छोड़ती है जो पर्यावरण व प्रकृति के लिए वरदान है।

- डिडनेश्वरी मंदिर परिसर में लगे पेड़ की होती है दोने जैसी पत्तियां

#### विशेष अवसरों पर होती है पूजा

कई धर्मग्रन्थों के अनुसार एक और मान्यता है कि धरती के प्रलय के समय भगवान श्रीकृष्ण इसी दोने जैसी पत्ती में बैठकर बंसी बजाते हुए धरती का पुनः निर्माण किये थे। केंवट समाज के वरिष्ठ रामहरि कैवर्त बताते हैं कि ढबहापारा के राधाकृष्ण मंदिर परिसर का पीपल वृक्ष भी दो सौ वर्षों से लोगों को छांव देकर सुकून पहुंचा रहा है। धार्मिक मान्यतानुसार इन वृक्ष की पूजा महिलाएं विशेष अवसरों पर करती है।

#### शास्त्रों में उल्लेखित है मान्यता

पण्डित भृगुनन्दन प्रसाद तिवारी का कहना है कि पौराणिक मान्यता है कि बचपन में भगवान श्रीकृष्ण माखन चोरी कर इस पेड़ में छिपा देते थे। उस पेड़ को मक्खन कटोरी (वट वृक्ष की एक प्रजाति) के नाम से जाना जाता है। माखन कटोरी पेड़ की खासियत इसकी पत्तियां हैं। इसके बड़े पत्ते कटोरी के समान होते हैं और छोटे पत्ते चम्मच की तरह। इस पेड़ को भगवान श्रीकृष्ण का पेड़ (कृष्ण-वट) भी कहा जाता है। मान्यता है कि भगवान कृष्ण अपने बाल-काल में पड़ोस के घरों से माखन चुराया करते थे तो मां यशोदा की डांट से बचने के लिए वे चुराया हुआ माखन इस पेड़ के पत्तों की कटोरी बनाकर वहीं छिपा देते थे। तभी से इस पेड़ की पत्तियों का आकार कटोरी जैसा हो गया। इस पेड़ के पत्ते तोड़ने पर सफेद तरल पदार्थ निकलता है। इसे भगवान कृष्ण द्वारा छिपाए गए मक्खन का पिघला स्वरूप माना जाता है।

---

सीमांकन, पेंशन, राशन कार्ड से संबंधित आवेदनों को दो दिन के भीतर करें निराकृत: कलेक्टर

# सुशासन तिहार: बम्हनी में लगा आठवां शिविर





हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

सुशासन तिहार के दौरान सोमवार को पेंड्रा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बम्हनी में जिले का आठवां जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, उपाध्यक्ष राजा उपेन्द्र बहादुर सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में आयोजित शिविर में समाज के सभी वर्गों के उत्थान एवं कल्याण के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न मांगों एवं शिकायतों का निराकरण किया गया। कलेक्टर ने स्वयं आवेदकों के नाम पुकार कर मंच के समक्ष बुलाकर संबंधित विभाग के अधिकारियों से उनके आवेदनों के निराकरण के बारे में बताने कहा।

शिविर में बकरी पालन हेतु शेड निर्माण के लिए कई आवेदन प्राप्त होने पर कलेक्टर ने कहा कि वे शिविर स्थल पर पहुचने से पहले ग्राम कोडगार में समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे बकरी पालन व्यवसाय का अवलोकन किया। बकरी पालन से महिलाऐं अच्छी खासी कमाई कर रही हैं। उन्होंने कोडगार की तरह मुरमुर में दूसरा बकरी पालन कलस्टर के रुप में विकसित करने जनपद सीईओ एवं आजीविका मिशन के अधिकारी को निर्देश दिए।

कलेक्टर ने पेयजल की समुचित व्यवस्था के लिए आवश्यकता अनुसार हैंड पंप खनन एवं हैंड पंप सुधार के लिए कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को निर्देश दिए। शिविर में सीईओ जिला पंचायत मुकेश रावटे, एसडीएम पेंड्रारोड विक्रांत अंचल, जिला पंचायत सदस्य पूर्णिमा पैकरा, पवन पैकरा, जनपद अध्यक्ष अजीत हेम कुवर श्याम सहित स्थानीय जन प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## आमजन तक तेजी से पहुंच रहीं शासन की योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

तखतपुर ब्लॉक के सकर्रा में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टॉलों में पहंचकर योजनाओं की जानकारी ली। शिविर के माध्यमों से कुल 436 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में अनु विभागीय अधिकारी राजस्व नितिन तिवारी ने कहा कि समाधान शिविर के माध्यम से लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी एक ही जगह पर मिल रही है।

शासन की योजनाएं तेजी से आमजन तक पहुंच रही हैं, जिससे लोगों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से हो रहा है।

जनपद पंचायत सीईओ सत्यव्रत तिवारी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार जनकल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं। लोगों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए शासन द्वारा सुशासन तिहार अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने शिविर उपस्थित होकर अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लेने की अपील ग्रामीणों से की सुशासन तिहार के तहत आमजनों की समस्या की सुनवाई और निराकरण हो रहा है।

# नो एंट्री का नियम बेअसर, धड़ल्ले से दौड़ रहे भारी वाहन, जनता हो रही परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

जिले में यातायात व्यवस्था पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो चुकी है। नो एंट्री के समय में भी भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक न लग पाने से चौक-चौराहों पर लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन के आदेश को जिले के यातायात विभाग द्वारा ही पालन नहीं किया जा रहा है।

- जिले में अस्त-व्यस्त हो चुकी है यातायात व्यवस्था

गौरतलब है कि पहले शहर में सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित था। लेकिन हाल ही में घटित घटनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने इस अवधि को बढ़ाकर सुबह 9 से रात 10 बजे तक कर दिया। इसके बावजूद शहर की सड़कों पर दिन हो या शाम धड़ल्ले से ट्रक और ट्रेलर दौड़ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि यातायात विभाग सिर्फ बोर्ड लगाकर खानापूर्ति कर रहा है। चौक-चौराहों पर न तो ट्रैफिक पुलिस की पर्याप्त मौजूदगी होती है और अगर रहती भी है तो इनको कोई फ़र्क नहीं पड़ता। साथ ही नियम तोड़ने वाले वाहनों पर कोई कार्रवाई भी नहीं की जाती है। नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द ही कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन और यातायात विभाग इस गंभीर समस्या पर कब ठोस कदम उठाता है।





सड़क पर जाम में फंसकर परेशान हो रहे लोग।

#### घंटों जाम में फंसते हैं लोग

वहीं भीषण गर्मी में लोगों के दिन में कम निकलकर शाम को जरूरत के समान लेने निकलने से वैसे ही ट्रैफिक पर दवाब रहता हैं इस कारण स्थिति और बिगड़ गई है। लोग घंटों तक जाम में फंसे रहते हैं और कई बार सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी नाराजगी जाहिर कर चुके हैं।

#### बाईपास निर्माण की मांग

पेंड्रा बाईपास न बन पाने के कारण भी शहर के भीतर सड़कों पर ट्रैफिक में दवाब रहता है। प्रशासन को चाहिए कि वर्षो से लंबित पड़े बाई पास को जल्द से जल्द पूरा करने ठोस कदम उठाए।

## राजपूत क्षत्रीय समाज ने किया उत्कृष्ट विद्यार्थियों का सम्मान

**मुंगेली।** राजपूत क्षत्रीय समाज मुंगेली परिक्षेत्र द्वारा आयोजित "भविष्य निर्माण मार्गदर्शन एवं प्रेरणा कार्यक्रम" सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में शिक्षा, करियर चयन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थी, अभिभावक, सामाजिक पदाधिकारी तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



उत्कृष्ट विद्यार्थियों का सम्मान करते अतिथि।

विशेषज्ञ वक्ताओं एवं मार्गदर्शकों ने विद्यार्थियों को 12वीं के बाद उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों, उच्च शिक्षा के अवसरों तथा बदलते समय के अनुसार सही दिशा चुनने की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में 10वीं एवं 12वीं परीक्षा में 80 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 40 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर राजपूत क्षत्रीय समाज तखतपुर मुंगेली परिक्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष नर्मदा सिंह राजपूत ने कहा कि समाज केवल सामाजिक परंपराओं तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा एवं युवा मार्गदर्शन के माध्यम से नई पीढ़ी को आगे बढ़ाने के लिए भी प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में मार्गदर्शन टीम के रूप में अकैडमी शिक्षण संस्थान बिलासपुर के संस्थापक बालेश्वर सिंह राजपूत मोटिवेशनल स्पीकर, डॉ. हामिद, डॉ. योगिता हुड्डा, विजय, मुकेश, सांची शुक्ला, सौरभ, विकास शुक्ला एवं मुकेश कुमार ने विद्यार्थियों को उपयोगी जानकारी एवं प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर समाज के क्षेत्रीय अध्यक्ष नर्मदा सिंह राजपूत, केंद्रीय कोषाध्यक्ष तोप सिंह तोमर, उपाध्यक्ष हुकम सिंह राजपूत, मनहरण सिंह राजपूत, महेंद्र सिंह राजपूत, डॉ. सुरेश सिंह, कैलाश क्षत्री, रोहित सिंह, विनोद सिंह, पोषण सिंह, संतोष सिंह राजपूत, मनमोहन सिंह क्षत्री, पंकज सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रमुख, प्रतिनिधि, सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

### बिजली कर्मचारी संघ के क्षेत्रीय महामंत्री बने रविकांत



मुंगेली। छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में रविकांत ठाकुर मुंगेली को क्षेत्रीय महामंत्री बनाया गया। प्रियदर्शिनी कला मंदिर, इंदिरा विहार कॉलोनी बिलासपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के उपरांत बिलासपुर क्षेत्र की नई क्षेत्रीय कार्यकारिणी का गठन आगामी दो वर्षों के लिए सर्वसम्मति से किया गया। कार्यकारिणी का गठन प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

### तिराहे पर मनमानी पार्किंग मालवाहकों पर हुई कार्रवाई

**कोरबा।** यातायात पुलिस ने कुसमुंडा के इमली छापर चौराहा में मनमानी तरीके से भारी वाहनों को पार्क करने पर कार्रवाई की। यहां कई मल्टी व्हीकल पर लॉक लगाने के साथ जुर्माना वसूल किया गया। एक तो पहले से ही इस क्षेत्र में जाम की समस्याएं हो रही है, और गर्मी के मौसम में जनता इन कारणों से परेशान है। किसी तरह विकल्प निकालने का काम पुलिस ने किया ताकि लोगों को कुछ हद तक राहत दी जा सके। इस बीच ऐसे मामले प्रकाश में आ रहे हैं जबकि कोयला लोड गाडियों को यहां वहां खड़ा कर दिया जा रहा है। इस वजह से आवागमन में समस्याएं हो रही है और जनता को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## पचोटिया में स्वास्थ्य विभाग का नशा मुक्ति जनजागरूकता अभियान

**मुंगेली।** ग्राम पचोटिया में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नशा मुक्ति जनजागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं ग्रामीणों को शराब, तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से जागरूक कर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में डॉ. मनीष बंजारा ने बताया कि ग्रामीणों को नशा केवल स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि परिवार की खुशियों, आर्थिक स्थिति और सामाजिक सम्मान को भी प्रभावित करता है। आगे कहा कि "नशा समस्याओं का समाधान नहीं, बल्कि अनेक नई समस्याओं की शुरुआत है। यदि युवा अपनी ऊर्जा शिक्षा, खेल, रोजगार और समाजसेवा में लगाएं, तो वे समाज के प्रेरणास्रोत बन सकते हैं।" उन्होंने कहा कि नशामुक्त जीवन से स्वास्थ्य बेहतर रहता है, परिवार में सुख-शांति बढ़ती है, आर्थिक बचत होती है तथा समाज में सकारात्मक पहचान बनती है। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों एवं युवाओं ने नशे से दूर रहने और गांव को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। अभियान के दौरान स्वास्थ्य परामर्श, सामान्य स्वास्थ्य जांच एवं स्वच्छ जीवनशैली के प्रति भी जागरूक किया गया।



जनजागरूकता अभियान में ग्रामीण।

### उधार की रकम मांगने पर मारपीट

**तखतपुर।** उधारी की रकम लेने की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने एक दूसरे की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार सिलतरा निवासी अजय साहू ने 22 मई को उधार दी हुई रकम को दिलचंद साहू से मांग की तब उसने बाद में दूंगा कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। वहीं दिलचंद साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी बच्चे के ईलाज में पैसा खर्च कर दिया है। बाद में रकम दूंगा कहा तब अजय ने उसके साथ मारपीट कर दी। दोनों एक दूसरे के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने एक दूसरे की रिपोर्ट पर धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट

**तखतपुर।** घर के बाहर खड़े बच्चे को गाली गलौज करने से मना करने पर आरोपी ने प्रार्थीयां के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम बेलसरी निवासी रजनी बंजारे 24 मई की दोपहर वह अपने घर में काम कर रही थी तभी आरोपी मनीष सोनवानी उसके लड़के के साथ गाली गलौज कर रहा था और आवाज को सुनकर जब रजनी बाहर आई तो वह पूछी कि उसके साथ गाली गलौज क्यों कर रहा है तब मनीष ने महिला के साथ भी गाली गलौज कर मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2 3,5 296, 351,3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

कलेक्टर ने ली खाद एवं बीज वितरण व्यवस्था को लेकर बैठक

# खाद-बीज की कालाबाजारी करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष में जिले में खाद एवं बीज वितरण व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले में किसानों को निर्धारित मूल्य पर समय में खाद-बीज उपलब्ध कराने, भंडारण, परिवहन एवं वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के संबंध में विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि किसानों को समय पर और पारदर्शी तरीके से खाद-बीज उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी नियमित निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि शासन के निर्देशों का पूरी गंभीरता से पालन हो। उन्होंने अधिकारियों को खाद वितरण व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग करने तथा जिले में खाद-बीज की कालाबाजारी रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उर्वरक केंद्रों में वितरण के साथ-साथ पर्याप्त भंडारण बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। बैठक में कलेक्टर ने एमआईएस प्रणाली के माध्यम से खाद वितरण की मॉनिटरिंग करने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे जिला स्तर से भी वितरण व्यवस्था की प्रभावी निगरानी की जा सकेगी। उन्होंने जिले के निजी एवं सहकारी केंद्रों में खाद परिवहन व्यवस्था की जानकारी लेते हुए परिवहन प्रणाली की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि निजी एवं सहकारी केंद्रों में शासन के खाद वितरण संबंधी निर्देश, रेट सूची, वैज्ञानिक द्वारा अनुशंसित उर्वरक समूहों एवं आवश्यक जानकारी स्पष्ट रूप से चस्पा की जाए। साथ ही अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करने कहा गया कि किसानों को निर्धारित मात्रा एवं दर पर खाद उपलब्ध हो रही है। बैठक में ऑनलाइन माध्यम से समिति प्रभारियों को खाद वितरण संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान एडीएम निष्ठा पाण्डेय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



खाद बीज की समीक्षा करते कलेक्टर।

### अवैध रूप से बिक्री के लिए रखी शराब जब्त

**तखतपुर।** अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे कच्ची महुआ शराब को पुलिस ने जप्त करते हुए आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि 24 मई को देवतरा रोड़ किनारे एक व्यक्ति अवैध रूप से बिक्री के लिए शराब रखा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने शाम 5 बजे देवतरा निवासी आरोपी परसदास पिता छेदीदास उम्र 63 वर्ष के पास 6 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया और इसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

### मल्हार नपं कार्यालय में शिविर आज

**मल्हार।** सुशासन तुहार के अंतर्गत मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय में जनसमस्या समाधान शिविर लगाया जाएगा। शिविर में नगर के वार्ड नम्बर 11 से 15 तक के लोग अपनी मांग रखेंगे। सीएमओ अनुभव सिंह ने वार्ड के लोगों से अपील की है कि छत्तीसगढ़ सरकार के जन सरोकार नीति के तहत शिविर में पहुच कर आवेदन के माध्यम से अपनी मांग रख सकते हैं। शिविर में कई मामलों का त्वरित निराकरण भी किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पूर्व सीएम बघेल बिलासपुर प्रवास पर रहेंगे आज



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 26 मई को बिलासपुर प्रवास पर रहेंगे। वे रात 8 बजे सूरजपुर से सर्किट हाउस बिलासपुर पहुंचेंगे और बिलासपुर में रात्रि विश्राम करेंगे। 27 मई को सुबह 10.30 बजे सर्किट हाउस बिलासपुर से जिला कवर्धा विकासखंड पंडरिया के कुंडा के लिए रवाना होंगे। जहां कुर्मी समाज के सम्मेलन में भाग लेंगे। कुंडा से ग्राम पेंड्रीकला जाएंगे। पेण्ड्री कला से बंन्हिडीह जांजगीर जिला जाएंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। जांजगीर से वापस भिलाई रवाना हो जाएंगे।

### पत्नी को छोड़ने वाले पति पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** दहेज प्रताड़ना के मामले में पेशी में आई महिला को कोर्ट परिसर में उसके पति ने तीन बार तलाक बोलकर छोड़ दिया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर पति के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया कि भारतीयनगर में रहने वाली एक युवती की शादी डेढ़ साल पहले मोहम्मद आरिफ पिता अब्दुल रजा से हुई थी। शादी के बाद दहेज के लिए प्रताड़ित करने पर महिला ने ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट लिखा दी थी। इसके अलावा पति पत्नी की कुटूम्ब न्यायालय में प्रकरण चल रहा है। 23 मई को पति पत्नी अपने रिश्तेदारों के साथ पेशी में कोर्ट गए थे। महिला कोर्ट से बाहर निकलकर फोटो कापी कराने जा रही थी। इसी दौरान उनका पति मोहम्मद आरिफ उनके पास आया और उनके साथ गाली गलौज करते हुए तीन बार तलाक बोलकर उसे छोड़ दिया। पुलिस ने पीडिता की रिपोर्ट पर पति के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351, 3 व मुस्लिम महिला विवाह अधिकार संरक्षण अधिनियम की धारा 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### क्रिकेट सट्टा खिलाते पकड़े गए दो सटोरिया

**बिलासपुर।** पुलिस ने एफसीआई गोदाम में आनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाते दो सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया है।



तारबाहर थाना प्रभारी रामनरेश यादव ने बताया, 24 मई की रात मुखबिर से सूचना मिली कि एफसीआई चौक माल गोदाम के पास दो लोग इंटरनेट व वाट्सएप के माध्यम से आनलाइन क्रिकेट सट्टा खिला रहे हैं। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आनलाइन सट्टा खिलाते निखिल शर्मा पिता गिरधारी लाल शर्मा 45 साल पुराना पावर हाउस तोरवा, अविनाश पंजवानी पिता नानकराम 30 साल देवरीखुर्द पावर हाउस निवासी को पकड़ लिया। उनके पास से एक कार, 3 मोबाइल, सट्टा से संबंधित वाट्सएप चैट स्क्रीनशॉट जब्त किया गया है। पूछताछ में दोनों ने नागपुर निवासी निखिल शर्मा व सतना निवासी सचेदवा नामक सटोरियों के लिए सट्टा खिलाना बताया है। पुलिस ने दोनों सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**उर्वरकों का किया जा चुका है भंडारण** — अब तक पांच हजार मीट्रिक टन खाद का किसानों ने किया उठाव

# छुट्टी के दिन भी खुली रहेंगी सहकारी समितियां, 44 हजार मीट्रिक टन खाद बांटने का लक्ष्य

**बिलासपुर।** किसानों को खाद बांटने के लिए अब सहकारी समितियों को छुट्टी के दिन भी खोलने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में इस साल 44 हजार मीट्रिक टन खाद वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसके विरूद्ध अब तक 5 हजार मीट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है। किसानों को अब तक 16 सौ क्विंटल बीज भी वितरित किया जा चुका है।

किसानों के द्वारा गांवों में खरीफ फसल के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इसे ध्याान में रखते हुए खेती को सुचारू एवं समयबद्ध रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले की सहकारी समितियों में रासायनिक उर्वरक एवं बीज का पर्याप्त भंडारण कर लिया गया है। कृषि विभाग द्वारा किसानों से अपील की है कि वे अपनी आवश्यकता के अनुसार अभी से खाद एवं बीज का उठाव कर लें, ताकि बोनी के समय उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस साल खरीफ सीजन के लिए सहकारी क्षेत्र में कुल 44 हजार मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत अब तक विभिन्न उर्वरकों का भंडारण भी किया जा चुका है। जिले के किसान अब जागरूकता के साथ उर्वरकों का उठाव भी करने लगे हैं। इसके अंतर्गत किसानों ने अब तक यूरिया 2,919 टन, डीएपी 798 टन, एनपीके 786 टन, एमओपी 91 टन एवं एसएसपी 194 टन का उठाव कर लिया है। इस प्रकार अब तक कुल 4,788 मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किसानों को किया जा चुका है।



### इन उर्वरकों का इतनी मात्रा में भंडारण

जिले में विभिन्न उर्वरकों का भंडारण किया जा चुका है। इकसे अंतर्गत यूरिया 13,644 टन, डीएपी 4,065 टन, एनपीके 5,140 टन, एमओपी 781टन, एसएसपी 1,595 टन शामिल हैं। इसी प्रकार कुल 25,225 मीट्रिक टन उर्वरकों का भंडारण समितियों में भी किया जा चुका है।

### 8 हजार क्विंटल बीज का भंडारण, 16 सौ क्विंटल उठाव

खाद की तरह ही जिले की सहकारी समितियों में 7,934.12 क्विंटल बीज का भी भंडारण किया जा चुका है। इसके विरूद्ध किसानों ने अब तक 1589.96 क्विंटल बीज का उठाव भी कर लिया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले की सभी सहकारी समितियां शनिवार एवं रविवार सहित अवकाश के दिनों में भी खुली रखी जा रही हैं।

### किसान खाद का उठाव कर लें

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार मानसून के समय पर आने की पूरी संभावना है, इसलिए किसान अभी से खाद एवं बीज का उठाव कर लें, ताकि बोनी के कार्य में देरी न हो। किसान खाद का उपयोग संतुलित मात्रा करें। जिन किसानों ने अब तक खाद व बीज का उठाव नहीं किया है, वे पात्रता अनुसार सहकारी समितियों से खाद एवं बीज प्राप्त कर सकते हैं।

**–पीडी हथेश्वर,** डीडीए बिलासपुर

मोपका में एक पेड़ मां के नाम उद्यान से की गई शुरुआत, हर जोन में बनाया जाएगा इंजेक्ट वेल

# बारिश का पानी नहीं होगा बरबाद, नगर निगम क्षेत्र में बनेगा 50 इंजेक्ट वेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में भू-जल स्तर को सुधारने और वर्षा जल के संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और नगर निगम द्वारा विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला प्रशासन की पहल पर क्रेडाई के सहयोग से नगर निगम क्षेत्र में 50 इंजेक्ट वेल निर्माण कार्य की शुरुआत की गई है।इस पहल को एक अभियान के रूप में शुरूआत करते हुए इसका नाम भू जल संजीवनी रखा गया है। इस महत्वपूर्ण अभियान का शुभारंभ आज मोपका स्थित एक पेड़ माँ के नाम उद्यान से किया गया।

■ भू-जल संरक्षण की बड़ी पहल

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि इस अभियान से वर्षा जल का बेहतर संचयन हो सकेगा तथा भू-जल स्तर में वृद्धि लाने में मदद मिलेगी। शहर में लगातार बढ़ती जल आवश्यकता और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह अभियान पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 15 दिनों में सभी जोन क्षेत्रों में इंजेक्ट वेल का निर्माण पूरा करने कहा।



### वर्षा जल का अधिक संग्रहण वहां निर्माण

निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर चरणबद्ध तरीके से 50 इंजेक्ट वेल बनाए जाएंगे। ऐसे स्थानों का चयन किया गया है जहां वर्षा जल का अधिक संग्रहण होता है, ताकि उसका अधिकतम उपयोग भू-जल रिचार्ज के लिए किया जा सके। इसके लिए पीएचई और नगर निगम की टीम द्वारा व्यापार स्तर पर फ्रेक्चर जोन का सर्वे कर स्थल का चयन किया जा चुका है। जिला प्रशासन की यह पहल शहर में जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगी। इस दौरान एमआईसी सदस्य तिलक साहू, ईई अनुपम तिवारी, क्रेडाई से सुशील पटेरिया, अजय श्रीवास्तव, सुहैल हक, ब्रजेश साहू,श्रीमती हेमंत जीवनानी, नसीम खान, राहुल उबरानी, सोनू ग्वालानी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### जल संकट से मिलेगी राहत

जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इंजेक्ट वेल के माध्यम से वर्षा जल सीधे जमीन के भीतर पहुंचेगा, जिससे भू-जल स्तर में सुधार होगा और आने वाले समय में जल संकट से राहत मिलेगी। उन्होंने नागरिकों से भी जल संरक्षण के प्रति जागरूक होकर सहयोग करने की अपील की।

**– संजय अग्रवाल,** कलेक्टर

### यह है इंजेक्ट वेल

एक ऐसी संरचना है, जिसका उपयोग वर्षा के पानी या शोधित जल को सीधे जमीन के अंदर (गहरी भूवैज्ञानिक परतों) पहुंचाने के लिए किया जाता है।यह भूजल स्तर को बढ़ाने और जलभराव की समस्या से निपटने में मदद करता है। दरअसल बारिश या छतों का पानी जो आमतौर पर बहकर बर्बाद हो जाता है, उसे इकट्ठा करके पाइप के माध्यम से इंजेक्ट वेल तक लाया जाता है। पानी में मौजूद धूल-मिट्टी और कचरे को रोकने के लिए वेल में रेत, कंक्रीट और बजरी की परतें लगाई जाती हैं। साफ पानी छनकर सीधे बोरवेल या कुएं के जरिए जमीन के अंदर की जलभृत चट्टानों में समा जाता है। यह सूखे या बंद पड़े बोरवेल और खाली पड़े कुओं को फिर से चालू करने का एक पक्का समाधान है। भारी बारिश के दौरान सड़कों और कॉलोनियों में जमा होने वाले पानी को खत्म करने के लिए इसका प्रयोग किया जाता है। जब बारिश का पानी जमीन में जाता है, तो कुओं और हैंडपंपों के सूखने की समस्या दूर होती है और साल भर पानी मिलता है।

# दो भाइयों से मारपीट एक पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** लालखदान के सप्ताहिक बाजार में गाड़ी खड़ा करने को लेकर युवकों ने सरेराह गुण्डागर्दी करते हुए दो भाइयों के साथ मारपीट करते हुए एक भाई पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। खूनी संघर्ष की वारदात से बाजार में अफरा तफरी मच गई। गंभीर रूप से घायल युवक को निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है।



तोरवा टीआई रजनीश सिंह ने बताया, लालखदान निवासी अनय पाटले 24 मई की रात 8.30 बजे सप्ताहिक बाजार में सब्जी खरीदने गए थे। पार्किंग में गाड़ी खड़े करने को लेकर अनय के साथ गोविंदा पासी एवं उसके दोस्त विवाद करने लगे, गोविंद पासी ने हाथ में पहने कड़े से हमलाकर सिर फोड़ दिया। भाई के साथ मारपीट करने की जानकारी होने पर उनका भाई अमन पाटले अपने दोस्तों के बाजार पहुंच गया और बीच बचाव किया तो गोविंदा पासी एवं उसके साथियों ने अमन पाटले एवं उसके दोस्तों के साथ हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। इसी दौरान गोविंद पासी चाकू निकालकर अमन पाटले पर ताबड़तोड़ जानलेवा हमला कर दिया। अमन खून से लथपथ बेहोश होकर गिर गया, जिससे हमलावर उसे मृत मानकर भाग गए। चाकूबाजी व खूनी संघर्ष से बाजार में अफरा तफरी मच गई। देखते ही देखते बाजार में सन्नाटा पसर गया। परिजन मौके पर पहुंचकर दोनों घायल भाइयों को लेकर तोरवा थाना लेकर गए। चाकूबाजी की खबर लगते ही सीएसपी आईपीएस गगन कुमार तोरवा थाना पहुंच गए। घायल दोनों भाइयों को मुलाहिजा कराने के लिए अस्पताल ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल अमन पाटले को इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अनय पाटले की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, 1, 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। दूसरे दिन भी पुलिस हमलावर गुण्डे बदमाशों को नहीं पकड़ पाई है।

### पत्नी, साली के सामने पति को नशेड़ियों ने पीटा

तोरवा पुलिस के अनुसार, देवरीखुर्द निवासी मिथीलेश सिंह पिता रामपुकार सिंह 24 मई को शाम 7.30 बजे अपनी कार से पत्नी व साली को लेकर घूमने के लिए जा रहे थे। एफसीआई गोदाम के पास कुछ लोग रास्ता घेरकर नशाखोरी कर रहे थे। उन्होंने कार से बाहर निकलकर रास्ते से हटने के लिए कहा तो नशेड़ी मौसम मिश्रा, घनश्याम मिश्रा उर्फ भय्यू उनसे शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगे। मना करने पर दोनों ने पत्नी व साली के सामने मिथीलेश के साथ हाथ मुक्का, पत्थर, लाठी से मारपीट की। मारपीट के दौरान उनकी सोने की चेन गिर गई जो नहीं मिला है। पुलिस हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 119, 1, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है।

# कार के सनरूफ पर बैठकर युवती का नाचते हुए वीडियो वायरल







**बिलासपुर।** नेशनल हाइवे पर कार के सनरूप पर बैठकर युवती का नाचते हुए वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने पर पुलिस ने पतासाजी कर कार जब्त कर लिया है, साथ ही चालक युवक के खिलाफ यातायात नियमों तोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। 25 मई को सोशल मीडिया में रायपुर बिलासपुर नेशनल हाइवे में रोड में कार के सनरूफ पर बैठकर युवती का नाचते हुए वीडियो वायरल हो रहा था। चकरभाठा पुलिस ने कार नम्बर के आधार पर मंगला शुभम विहार ओम जोन निवासी प्रतीक लूथर पिता संजय लूथर 36 साल को पकड़ लिया। उसके पास से बीएमडब्ल्यू क्रमांक सीजी 10 सीए, 3999 को जब्त कर लिया है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर युवक के खिलाफ विधिवत कार्रवाई की जा रही है।

■ युवक पकड़ा गया

# भीषण आग, घर का सामान जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के 27 खोली विकास नगर में सोमवार रात एक मकान में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में पूरा घर आने से सामान जलकर राख हो गया। आग लगते ही घर में उपस्थित लोग किसी तरह जान बचाकर बाहर निकले और फायर ब्रिगेड को सूचना दी, परन्तु समय पर फायर ब्रिगेड नहीं पहुंच सकी।

■ समय पर नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त घर में एक ई-रिक्शा चालक किराए में रह रहा है। घर में बिस्तर, पलंग, कपड़े और रोजमर्रा का पूरा घरेलू सामान था, जो आग लगने से जल गया। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 2 बजे से इलाके की बिजली बंद थी। शाम को घर की महिलाओं ने पूजा के लिए दिया जलाया था और उसके बाद सभी लोग घर के बाहर बैठे हुए थे। इसी दौरान घर के अंदर आग लग गई। जलते दिए से ही आग फैलने की आशंका जताई जा रही है। आग तेजी से बढ़ती देख कॉलोनी के लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए घर के अंदर रखे दो गैस सिलेंडरों को बाहर निकाला, जिससे बड़ा विस्फोट और बड़ा हादसा टल गया। आसपास के लोगों का कहना है कि सूचना देने के बाद भी फायर दमकल की गाड़ी करीब 45 मिनट बाद मौके पर पहुंची। बाद में फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

27 खोली की घटना



MARUTI SUZUKI
आवश्यकता है
सर्विस एडवाजर
B.E./B.Tech (मैकेनिकल)

| | |
|---|---|
| मोपका-1 पद | कोरबा-2 पद |
| सकरी-2 पद | मुंगेली-2 पद |
| शिवरीनारायण-2 पद | कटघोरा-1 पद |

कस्टमर केयर मैनेजर (महिला)
स्नातक/कंप्यूटर
मोपका-1 पद
कस्टमर केयर एक्जीक्यूटिव (महिला)
स्नातक/कंप्यूटर

| | |
|---|---|
| सिरगिट्टी-3 पद | मोपका-1 पद |

अनुभवियों को प्राथमिकता
इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र के साथ 27 मई 2026 को समय 11 से 3 बजे संपर्क करें
सत्या ऑटो प्रा.लि.
पुराना बस स्टैण्ड के पास, बिलासपुर
नोमन सिन्हा- मो. 9098750248
email- noman.sinha@teamsatya.in

### दो लड़कों से मारपीट कर मोबाइल व रकम लूटी

**बिलासपुर।** दो लड़कों के साथ जमकर मारपीट कर मोबाइल व 3 हजार रुपए लूटकर दो स्कूटी सवार चार युवक भाग गए। सकरी पुलिस के अनुसार लोखंडी निवासी प्रकाश सिंह राजपूत पिता मिलन सिंह 24 मई की रात कोलवासरी से काम करने के बाद अपने साथी दिनेश पटेल के साथ वापस घर जा रहे थे। लोखंडी ओवरब्रिज के पास स्कूटी सवार चार लोगों ने दोनों के साथ मारपीट कर प्रकाश सिंह के जेब से मोबाइल व 3 हजार रुपए लूटकर भाग गए।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# हथकड़ी खोलकर चौकी से भागा दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

10 साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी चौकी से हथकड़ी खोलकर जंगल में भाग गया, जिससे चौकी में हड़कंप मच गया। ड्रोन कैमरे के सहारे 4 घण्टे कड़ी मशक्कत के बाद उसे जंगल से पकड़ा गया है। 26 मई को उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।



बेलगहना चौकी पुलिस के अनुसार, 23 मई को सक्तिबहरा निवासी रंजीत यादव उर्फ दउआ पिता मुन्ना यादव 20 साल 10 साल की बच्ची को घुमाकर लाने का झांसा देकर अपने बाइक से गया और सुनसान खेत में ले जाकर अनाचार किया। दूसरे दिन सुबह वह बच्ची को घर के पास छोड़कर भाग गया। पीड़ित बालिका ने घटना की जानकारी परिजन को दी। 24 मई को पुलिस ने पीड़िता के परिजन की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 64 एवं 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी रंजीत यादव उर्फ दउआ को गिरफ्तार कर रात भर थाने में बैठाकर रखा गया। 25 मई को चौकी में उसे कोर्ट ले जाने की तैयारी की जा रही थी। दोपहर 12 बजे आरोपी रंजीत यादव उर्फ दउआ पानी डालकर हथकड़ी से हाथ बाहर निकालकर चौकी से बाहर निकलकर रेलवे पटरी क्रास कर जंगल में भाग गया। दुष्कर्म के आरोपी के भागने से चौकी में हड़कंप मच गया। चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने स्टाफ के साथ ड्रोन कैमरे का सहारा लेकर जंगल में आरोपी के तलाश शुरू की। 4 घण्टा मशक्कत के बाद चौकी से 4 किलो मीटर दूर कैमरे में पेड़ के नीचे छिपे हुए दिखाई दिया। उसके बाद पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। उसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। 26 मई को उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### कोयले की अफरा तफरी, कोलडिपो संचालक सहित 5 गिरफ्तार



**बिलासपुर।** मिलावटी कोयला मिक्स कर अफरा तफरी करने वाले कोलडिपो संचालक, ट्रक मालिक, चालक सहित पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हिर्री टीआई दामोदर मिश्रा ने बताया कि पेंड्रा निवासी आशीष केशरी पिता स्व. रमेश केशरी 46 साल ने एसईसीएल रामपुर की कोयला खदान से तीन ट्रकों में उच्च क्वालिटी की कोयला लोड कराकर ब्रज आयरन एण्ड लिमिटेड कंपनी डिघोरा के लिए भेजे थे। प्लांट के अंदर कोयला पहुंचने पर वहां केमिस्ट द्वारा लेब परीक्षण कराने से तीनों ट्रक के कोयला में मिलावटी पाया गया। श्री केसरी की रिपोर्ट पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर पेंड्रीडीह चौक स्थित कोलडिपो संचालक नरेश अग्रवाल पिता स्व. बाबूलाल अग्रवाल 47 साल रामावैली चकरभाठा, ट्रक मालिक गंगा प्रसाद साहू पिता स्व. राजाराम साहू 37 साल पकरिया सरगांव, ड्राइवर झारखंड निवासी फिरोज अंसारी पिता अमीरजान अंसारी 22 साल, निशार अंसारी पिता कयामुद्दीन अंसारी 25 साल, अमरान अंसारी पिता अब्बास अंसारी 27 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,
01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 15,500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 28,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411